TNF TODAY | टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition


कैशलेस इलाज के साथ 1.5 करोड़ का बीमा भी.... (पेज-3)

पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-28 | मूल्य ₹7 | सोमवार | दिनांक- 27.07.2026

# कारगिल विजय दिवसः यहां भगवान की तरह होती है शहीद की पूजा

**परिजन रोज चढ़ाते हैं पुष्प, अंधेरे में स्मारक, रहता है सांप-बिच्छू का खतरा, सोलर लाइट तक नसीब नहीं**

टीएनएफ टुडे, बाह।



आगरा जिले में बाह तहसील का कोरथ गांव वीर सपूतों की जन्मभूमि है। यहां के कई परिवार सेना से जुड़े हैं। लड़ाई चाहे चीन से हो या फिर पाकिस्तान से। यहां के वीर सपूतों ने दुश्मनों के दांत खट्टे किए हैं। इनमें नायब सूबेदार लायक सिंह की वीरगाथा सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। वर्ष 1999 में कारगिल जंग में दुश्मन के छक्के छुड़ाकर अपनी जान कुर्बान कर दी थी। उनकी याद में गांव में शहीद स्मारक बनवाया गया है, जहां शहीद की प्रतिमा स्थापित है। परिवार वाले उनकी भगवान की तरह पूजा करते हैं। पहले मां रामश्री लड्डू गोपाल की तरह उनको पूजती थी, उनके निधन के बाद छोटे भाई सतेन्द्र सिंह की पत्नी रजनी देवी हर रोज पूजा करती हैं। पुष्प चढ़ाती हैं, अगरबत्ती जलाती हैं। बच्चे भी उनका हाथ बटाते हैं। उन्होंने बताया कि तीज त्यौहार पर शहीद को भगवान की तरह भोग लगाया जाता है। उसके बाद ही परिवार भोजन ग्रहण करता है।

कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को रजनी देवी शहीद की प्रतिमा की आरती उतारती हुई मिली। उन्होंने बताया कि शहीद के बलिदान पर गर्व है, लेकिन स्मारक की उपेक्षा से परिवार आहत है। स्मारक पर सोलर लाइट लगी थी, जिसे 5 साल पहले खराब होने पर उखाड़ लिया था। तब से अब तक स्मारक अंधेरे में है। पूजा करने के लिए आते जाते सांप के डसने का डर रहता है। पंचायत के प्रतिनिधि सोलर लाइट लगवाने का झांसा देते रहे हैं, लेकिन अब तक उपेक्षा जारी है। उन्होंने प्रकाश इंतजाम कराए जाने की मांग की है। जिससे सांप-बिच्छू के काटने का डर न रहे।

# मीराबाई चानू की स्वर्णिम हैट्रिक

**राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय भारोत्तोलक का रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन**

एजेंसी, ग्लास्गो।

भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने महिला 48 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का यह कुल तीसरा और पहला स्वर्ण पदक है। चानू ने स्नैच में 85 किलो और क्लीन एंड जर्क में 105 किलो का वजन उठाया। इस तरह उन्होंने कुल 190 किलो वजन उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता। चानू ने इससे पहले 2018 और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। मीराबाई के अलावा नाइजीरिया की रुथ असुक्यो नियोंग ने 168 किलो के साथ रजत और मलयेशिया की इरेने जाने हेनरी ने 167 किलो वजन के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

### स्नैच में तोड़ा रिकॉर्ड

मीराबाई चानू ने स्नैच के तीसरे प्रयास में 85 किलो वजन सफलतापूर्वक उठाया। चानू का यह प्रयास कॉमनवेल्थ गेम्स का महिलाओं के स्नैच में रिकॉर्ड प्रदर्शन है। चानू पहले प्रयास में 82 किलो नहीं उठा पाई थीं, लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने 82 किलो का वजन उठाया। चानू ने इस प्रदर्शन के दम पर पहले गेम्स रिकॉर्ड अपने नाम किया। इसके बाद चानू ने 85 किलो वजन उठाने का फैसला किया और वह सफल रहीं। चानू का यह प्रदर्शन कॉमनवेल्थ गेम्स में स्नैच का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। चानू से पहले कोई भी महिला भारोत्तोलक स्नैच वर्ग में 85 किलो वजन नहीं उठा सकी हैं।




# पीएम मोदी ने की 'मन की बात'

एजेंसी, नई दिल्ली।

जंतर-मंतर पर जेन-जी के धरने के खत्म होने के अगले ही दिन रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में जेन-जीन (युवाओं) की खासी उपस्थिति रही। साथ ही युवाओं ने मन की बात कार्यक्रम को सराहा।

युवाओं ने इस कार्यक्रम को देश को जानने वाला कार्यक्रम बताया। क्योंकि इसी कार्यक्रम के जरिये देशभर में लोगों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी मिलती है साथ ही पर्यावरण संरक्षण, युवाओं के प्रोत्साहन कार्यक्रमों, समाज कार्यों की जानकारी भी मिलती है। दिल्ली में 6400 से अधिक स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम सुना गया। इसमें भाजपा के सांसदों से विधायकों और पार्षदों के साथ ही भाजपा के पदाधिकारियों की उपस्थिति के साथ युवा भी मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल व युवाओं के साथ कार्यक्रम को सुना। साथ ही इसके बाद अपने आवास पर युवाओं के साथ जेन-जी विद मोदी कार्यक्रम में उनके साथ संवाद भी किया। इसके अलावा अलग-अलग स्थानों पर भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सुना। सभी कार्यक्रमों में युवाओं की उपस्थिति देखी गई।

इसके साथ ही सदर बाजार में पूर्व महापौर जय प्रकाश के आवास पर मन की बात कार्यक्रम हुआ। यहां मौजूद युवाओं ने पीएम मोदी के साथ रहने की बात कही। साथ ही कहा कि पेपर लीक करने वालों के खिलाफ सरकार ने जो कानून बनाने और टास्क फोर्स के साथ ही विशेष कोर्ट सुनवाई के लिए बनाई है वह स्वागत योग्य है। इससे पेपर लीक का धंधा करने वाले अपराधियों को जल्द और कठोर सजा मिल सकेगी।



### युवा संवाद में छात्रों ने रखी राय, सीजेपी के प्रदर्शन को बताया अनुचित

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को अपने नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर "युवा संवाद (जेन-जी विद मोदी)" कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों और कालेजों के करीब 50 छात्रों से संवाद किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, पाठ्यक्रम में बदलाव और समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। छात्रों ने कुछ मुद्दों पर हस्ताक्षर कर अपनी सहमति भी जताई। भाजपा के अनुसार, संवाद के दौरान जंतर-मंतर पर हुए सीजेपी के प्रदर्शन का मुद्दा भी उठा। छात्रों ने प्रदर्शन को अनुचित बताते हुए कहा कि किसी भी आंदोलन का उद्देश्य समाज और देश को जोड़ना होना चाहि लेकिन वहां पर देश तोड़ने का प्रयास हुआ। प्रदर्शन के दौरान हिंदू विरोधी और राष्ट्रविरोधी टिप्पणियां की गईं, जो देश की एकता एवं सामाजिक सद्भाव के लिए उचित नही है।

# सीजेपी की अगली रणनीति जल्द बताएंगे, थोड़ा समय दें: अभिजीत दीपके

एजेंसी, नई दिल्ली।

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा- "आगे की रणनीति का ऐलान जल्द करेंगे। पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन कल ही खत्म हुआ है। प्लीज हमें थोड़ा समय दें।"



एक रिपोर्ट मुताबिक जब उनसे पूछा गया कि पंजाब में पेपर लीक को लेकर उनकी रणनीति क्या होगी, इस पर दीपके ने जवाब दिया कि उस पर भी बात करेंगे। हम अभी इसके लिए प्लानिंग कर रहे हैं।

सरकार के साथ बातचीत पर उन्होंने कहा कि जो केस फाइल किए गए हैं, उनके बारे में बात चल रही है। किसी भी स्टूडेंट के खिलाफ कोई केस रजिस्टर नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि कॉकरोच जनता पार्टी के नेतृत्व में 20 जून से जंतर-मंतर पर 36 दिनों तक चला आंदोलन 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री के तौर पर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के साथ खत्म हुआ।

### राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल से मिले दीपके

अभिजीत दीपके रविवार को राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल से मिलने उनके घर पहुंचे थे। वहां से निकलकर उन्होंने यही बताया कि सरकार से बात चल रही है कि किसी भी स्टूडेंट पर केस न किया जाए। अभिजीत की कपिल सिब्बल से मुलाकात, उनसे लीगल एडवाइज लेने के तौर पर देखी जा रही है। सिब्बल भारत के सबसे सीनियर वकीलों में गिने जाते हैं, और पिछले चार दशक से ज्यादा समय से सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे हैं।

# 7.50 लाख शिक्षकों को योगी का तोहफा

**उच्च शिक्षा शिक्षकों के लिए 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' शुरू**





टीएनएफ टुडे, आगरा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर स्थित शिवाजी मंडपम में 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के 7.50 लाख से अधिक शिक्षक एवं उनके आश्रित परिवारों को व्यापक स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग और पंजाब नेशनल बैंक के बीच एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षकों का सम्मान और उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में ?5 लाख तक कैशलेस उपचार मिलेगा। जबकि सरकारी अस्पतालों में उपचार राशि की कोई सीमा नहीं होगी। स्वास्थ्य कार्ड दिखाकर शिक्षक और उनके आश्रित निःशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भविष्य में स्ववित्तपोषित एवं निजी विश्वविद्यालयों के शिक्षकों तथा शिक्षणोत्तर कर्मचारियों को भी इस योजना से जोड़ने की दिशा में सकारात्मक पहल का संकेत दिया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा लगाए गए नवाचार एवं शोध आधारित स्टॉलों का अवलोकन किया और शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।

केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने इसे शिक्षकों के सम्मान और कल्याण की दिशा में प्रदेश सरकार की संवेदनशील एवं ऐतिहासिक पहल बताया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी, सांसद राजकुमार चाहर, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, विधायकगण, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एम.पी. अग्रवाल, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. आशु रानी, जिलाधिकारी मनीष बंसल, सीडीओ प्रतिभा सिंह सहित प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा की तैयारी: योगी सरकार चलाएगी अतिरिक्त बसें

**निगरानी के लिए 24 घंटे एक्टिव रहेगा कंट्रोल रूम**

एजेंसी, लखनऊ।

योगी सरकार ने आगामी 30 जुलाई से शुरू होने वाली श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांवड़ यात्रियों के लिए यूपीएसआरटीसी अतिरिक्त बसों का संचालन करेगा। साथ ही इस दौरान निगरानी के लिए 24 घंटे चलने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने निगम बसों के सुरक्षित संचालन और यात्रियों की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु नारायण सिंह ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्रीय मुख्यालय पर 24 घंटे संचालित होने वाला कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। यह कंट्रोल रूम कांवड़ यात्रा शुरू होने से लेकर उसके समापन तक लगातार कार्य करेगा व सभी गतिविधियों का रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा।

### हरिद्वार सहित प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त बसें चलेंगी

परिवहन मंत्री ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान हरिद्वार जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज जैसे प्रमुख मार्गों पर भी आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त बसें संचालित की जाएंगी।

### मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

निर्देश दिए गए हैं कि कांवड़ मार्ग पर स्थित बस स्टेशनों पर पेयजल, स्वच्छ शौचालय, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पूछताछ कक्ष, ध्वनि प्रसारण प्रणाली और खान-पान के स्टॉल सुचारु रूप से संचालित रहें ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### सड़क सुरक्षा पर रहेगा जोर

कांवड़ यात्रा के दौरान बसों की गति निर्धारित सीमा के भीतर रखी जाएगी। सभी चालकों का अनिवार्य रूप से ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट कराया जाएगा और सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# पश्चिम एशिया संकट खत्म हो रहे हैं अमेरिकी मिसाइल इंटरसेप्टर, अब पीछे हटेंगे ट्रंप?



एजेंसी, वाशिंगटन।

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच एक नई रिपोर्ट सामने आई है। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिलहाल ईरान पर बड़े सैन्य हमले रोक दिए हैं। इसकी वजह सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की वह चेतावनी बताई जा रही है, जिसमें कहा गया कि लगातार हमलों से अमेरिका के पास मौजूद पैट्रियट मिसाइल इंटरसेप्टर का भंडार तेजी से घट रहा है। इससे पश्चिम एशिया में तैनात अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

### पेंटागन ने क्यों जताई चिंता?

रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को व्हाइट हाउस में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में सेना के अधिकारियों ने राष्ट्रपति ट्रंप को बताया कि पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का स्टॉक उम्मीद से ज्यादा तेजी से कम हो रहा है। संयुक्त चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने ट्रंप को सलाह दी कि अमेरिका बड़े हमले करने में सक्षम है, लेकिन ऐसा करने से पश्चिम एशिया में तैनात अमेरिकी बलों की सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी हथियारों के घटते भंडार पर चिंता जताई।

### ट्रंप ने फिलहाल हमला क्यों रोका?

- पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों का स्टॉक तेजी से घट रहा है।
- पश्चिम एशिया में तैनात अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है।
- ईरान लगातार होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही रोकने की धमकी दे रहा है।
- लंबा युद्ध वैश्विक ऊर्जा बाजार और अर्थव्यवस्था पर असर डाल सकता है।
- खाड़ी देशों ने अमेरिका से संयम बरतने और कूटनीति को मौका देने की अपील की है।

### क्या अब बातचीत से निकलेगा रास्ता?

बैठक के बाद ट्रंप ने कहा कि अमेरिका सैन्य कार्रवाई के लिए तैयार है, लेकिन बातचीत का विकल्प भी खुला है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने भी कहा कि राष्ट्रपति कूटनीतिक समाधान को प्राथमिकता देते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ओमान दोनों देशों के बीच मध्यस्थता की कोशिश कर रहा है ताकि तनाव कम हो और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही फिर शुरू हो सके। वहीं, लगातार 13 दिनों की सैन्य कार्रवाई के बाद शनिवार को अमेरिका की ओर से ईरान पर कोई नया हमला नहीं किया गया।

# सीएम दौरा: ताजनगरी की उम्मीदें और धरातल की चुनौतियां

**विशेष सम्पादकीय**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हालिया दो दिवसीय आगरा मंडल दौरा प्रशासन को कसने और चुनावी समीकरणों को साधने की दिशा में एक अहम कदम रहा। इस दौरे में जहां विकास की बड़ी घोषणाओं ने भविष्य की सुनहरी तस्वीर दिखाई, वहीं धरातल पर क्रियान्वयन की सुस्ती ने सरकारी दावों पर सवाल भी खड़े किए हैं। यह दौरा सुशासन की कसौटी पर सरकार के लिए अवसर और चुनौती दोनों को रेखांकित करता है। आगरा को इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसी विशेष योजना मिलना निश्चित रूप से एक मील का पत्थर है, लेकिन पर्यटन की वैश्विक राजधानी बनने का सपना तब तक अधूरा रहेगा जब तक जल जीवन मिशन जैसी बुनियादी नागरिक सुविधाएं समय पर और भ्रष्टाचार मुक्त तरीके से पूरी नहीं होतीं। मुख्यमंत्री की तल्खी और कड़े तेवर स्वागत योग्य हैं, लेकिन असल परीक्षा तब होगी जब यह प्रशासनिक कसावट केवल दौरे तक सीमित न रहकर स्थाई व्यवस्था में तब्दील हो जाए।




दौरे का सबसे बड़ा और सकारात्मक पक्ष क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को वैश्विक स्तर पर चमकाने का संकल्प रहा। टाटा मैदान की जनसभा से मुख्यमंत्री द्वारा आगरा में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण की घोषणा करना और मथुरा-वृंदावन के लिए रोपवे परियोजना को हरी झंडी देना पर्यटन उद्योग के लिए संजीवनी साबित होगा। इसके साथ ही ?342 करोड़ से अधिक की 53 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, जिसमें 150 बेड का लेडी लॉयल अस्पताल और सीएम ग्रिड रोड शामिल हैं, सीधे तौर पर आम जनता के जीवन स्तर को सुधारने का ठोस प्रयास है। प्रशासनिक स्तर पर 468 लंबित औद्योगिक प्रस्तावों को एनओसी जारी करने का निर्देश देना यह साबित करता है कि सरकार औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन को लेकर बेहद गंभीर है।

चिंताजनक पहलू वह प्रशासनिक ढिलाई है, जिसे मुख्यमंत्री को खुद सार्वजनिक रूप से स्वीकार करना पड़ा। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत आगरा मंडल में बिछाई जा रही पेयजल पाइपलाइनों के कारण खोदी गई सड़कों की बदहाली पर मुख्यमंत्री ने सख्त नाराजगी जताई। सड़कों की खराब गुणवत्ता और बहाली के काम में हो रही देरी यह साफ करती है कि लखनऊ से जारी होने वाले कड़े निर्देशों का असर जमीन पर आते-आते फीका पड़ जाता है। मुख्यमंत्री द्वारा ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने और एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी देना इस बात का प्रमाण है कि स्थानीय प्रशासन और कार्यदायी संस्थाओं के बीच तालमेल का भारी अभाव है, जिससे जनता को रोजाना नरकीय स्थितियों से जूझना पड़ रहा है।



## सुनी 'मन की बात' और पौधे रोपे

टीएनएफ टुडे, खंदौली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण रविवार को क्षेत्र में किसानों के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी किसानों को दी गई। इसके बाद सभी ने एक साथ सहभोज किया तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सैकड़ों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरविंद सिकरवार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, उत्तर प्रदेश रहे। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्याम सिंह चाहर की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का संयोजन चौधरी होशियार सिंह ने किया। उन्होंने किसानों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।इस अवसर पर शेर सिंह चाहर, करतार सिंह, हेमंत शर्मा, सूरज प्रताप सिंह, नरेंद्र सिकरवार, कुलदीप सिंह, कैलाश सिकरवार, हरि मासाब, सतीश सिंह, बलवीर सिंह, जॉली ठाकुर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

### ब्रशों पर 5% जीएसटी की मांग

# एसोसिएशन के प्रथम स्थापना दिवस पर उद्योग हितों की प्रमुख मांगों को लेकर बनी रणनीति

टीएनएफ टुडे, आगरा।



ब्रश एंड क्लीनिंग प्रोडक्ट्स एसोसिएशन का प्रथम स्थापना दिवस समारोह फतेहाबाद रोड स्थित ग्रैंड मर्करी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग, विशिष्ट अतिथि संयुक्त आयुक्त उद्योग अनुज कुमार, लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल रावी, आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल और नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के अध्यक्ष मनोज बंसल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि राकेश गर्ग ने कहा कि आगरा का ब्रश एंड क्लीनिंग प्रोडक्ट्स उद्योग आज वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त पहचान बना चुका है। विशिष्ट अतिथि एवं लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव मनीष अग्रवाल रावी ने कहा कि उद्योग को संगठित स्वरूप में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। यदि ब्रश एंड क्लीनिंग उद्योग क्लस्टर मॉडल पर कार्य करेगा तो यह केवल आगरा ही नहीं बल्कि पूरे भारत की वैश्विक पहचान बनेगा। संयुक्त आयुक्त उद्योग अनुज कुमार ने उद्योग जगत को हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि विभाग उद्योगों की समस्याओं के समाधान और उनके विस्तार के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है।

नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के अध्यक्ष मनोज बंसल ने कहा कि ब्रश एंड क्लीनिंग प्रोडक्ट्स उद्योग आगरा की औद्योगिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखता है। संस्था के अध्यक्ष अमित मोरियानी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ब्रश एंड क्लीनिंग प्रोडक्ट्स उद्योग आज देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। संस्था के सचिव नितिन कुमार अग्रवाल ने कहा कि संस्था लंबे समय से केंद्र सरकार से बाथरूम ब्रश के एचएसएन कोड पर जीएसटी की दर 5 प्रतिशत किए जाने की मांग कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से मांग उठाई कि टूथब्रश पर जीएसटी दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने के बाद अब बालों, शेविंग और सफाई में उपयोग होने वाले विभिन्न प्रकार के ब्रशों पर भी उत्पाद श्रेणी के अनुसार 5 प्रतिशत जीएसटी लागू किया जाए। कार्यक्रम के दौरान सह कोषाध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने वर्ष 2025-26 में संस्था द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों और उपलब्धियों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

समारोह में विशेष रूप से आगरा सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल, आगरा व्यापार मंडल के राजेश अग्रवाल, राजीव गुप्ता, दुष्यंत गर्ग, राजेंद्र गुप्ता सहित संस्था के उपाध्यक्ष मुकेश आहूजा, शैलेंद्र गुप्ता, सह सचिव राजेश कुमार गर्ग, कुशाग्र जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नितिन कुमार अग्रवाल, सचिन अग्रवाल एवं लव कपूर ने संयुक्त रूप से किया।

## चेयरमैन सुधीर गर्ग ने सुनी 'मन की बात'

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को नगर मंडल के लखनपुरा गांव स्थित बूथ संख्या 167 पर बूथ अध्यक्ष मदन सिंह के आवास पर एलईडी के माध्यम से सामूहिक रूप से सुना गया।कार्यक्रम में खेरागढ़ नगर पंचायत चेयरमैन सुधीर गर्ग 'गुड्डू' ने भाजपा कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर मंडल महामंत्री कल्याण राजपूत, प्रधान बीपी सिंह कुशवाहा, भाजपा कार्यकर्ता दीपक गोरखा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार और सामाजिक सरोकारों पर व्यक्त विचारों को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के उपरांत कार्यकताओं ने इन संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

# पीएच.डी. मौखिक परीक्षा उत्तीर्ण की

टीएनएफ टुडे, आगरा।



उच्च शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 23 जुलाई को रवि कान्त शर्मा और 25 जुलाई को धीरज शर्मा ने संस्कृत में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में आयोजित पीएच.डी. मौखिक परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर शोध उपाधि प्राप्त करने की अंतिम शैक्षणिक प्रक्रिया पूर्ण कर ली। रवि कान्त शर्मा के शोध का विषय ₹मध्य कालीन वैष्णव भक्त श्रीनिम्बाकार्चार्य जी की दार्शनिक दृष्टि तथा वैचारिक अवदान एक अध्ययन₹ रहा। जबकि धीरज शर्मा के शोध का विषय ₹श्रीमद भागवत पुराण में वर्णित सामाजिक चिंतन की वर्तमान में उपादेयता₹ रहा। इनका निर्देशन प्रो. कुवर पाल के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। वाइवा के दौरान बाह्य एवं आंतरिक परीक्षकों ने शोध की मौलिकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कपूर्ण विश्लेषण तथा भारतीय दार्शनिक परम्परा में इसके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। शोधार्थी ने परीक्षकों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का आत्मविश्वास एवं विद्वत्तापूर्ण उत्तर प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, डॉ. छगन लाल शर्मा शोध निर्देशक, संकाय सदस्यों, शोधार्थियों में पुष्पेंद्र तोमर एवं अन्य परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। शोधार्थी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता, जीवनसाथी, परिवार तथा सभी शुभचिंतकों के निरंतर सहयोग, प्रेरणा और आशीर्वाद को दिया।

### श्रद्धालुओं की सेवा में जुटा रेल प्रशासन

## स्काउट्स एंड गाइड्स, वाणिज्य एवं रेल सुरक्षा बल का उत्कृष्ट समन्वय

टीएनएफ टुडे, आगरा।

मुड़िया मेला-2026 के दौरान लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के निर्देशन में व्यापक व्यवस्थाएँ की गई हैं। अपर मंडल रेल प्रबंधक, आगरा गिरीश कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एस. रामकृष्णन ने मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर मुड़िया मेला के दौरान यात्रियों के लिए की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, होल्डिंग एरिया, सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मथुरा जंक्शन एवं गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर लगभग 85 स्काउट्स एंड गाइड्स स्टॉफ, लगभग 90 वाणिज्य कर्मचारी तथा लगभग 350 रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारी एवं जवान शिफ्टवार तैनात रहकर यात्रियों की सहायता एवं सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। वाणिज्य विभाग के कर्मचारी यात्रियों को ट्रेनों, प्लेटफॉर्म, टिकटिंग एवं अन्य यात्री सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। वहीं स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवक वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों एवं दिव्यांग यात्रियों को स्टेशन परिसर में मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। रेल सुरक्षा बल द्वारा स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज तथा प्रवेश एवं निकास द्वारों पर सतत निगरानी रखते हुए भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाया गया है। रेल प्रशासन श्रद्धालुओं से अपील करता है कि वे रेलवे कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की सहायता आवश्यकता होने पर स्टेशन पर तैनात वाणिज्य कर्मचारियों, स्काउट्स एंड गाइड्स अथवा रेल सुरक्षा बल से संपर्क करें।

## भरत चरित्र सुन श्रद्धालु भाव-विभोर, खेरागढ़ में आयोजित श्रीराम कथा में उमड़ी भीड़

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

कस्बे के ब्रजधाम उदासीन आश्रम स्थित पुल वाले हनुमान मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन रविवार को कथा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। कथा वाचक आचार्य ऋषि कृष्ण महाराज ने भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त और त्याग, प्रेम व मयार्दा के प्रतीक भरत चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए और पूरा पंडाल "जय श्रीराम" के जयघोष से गूंज उठा। आचार्य ऋषि कृष्ण महाराज ने कहा कि भरत का चरित्र त्याग, भाईचारे, सेवा और धर्मनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने बताया कि भरत ने राजसिंहासन का मोह त्यागकर भगवान श्रीराम की चरण पादुकाओं को सिंहासन पर स्थापित किया और स्वयं एक सेवक की तरह राज्य का संचालन किया। उनका जीवन हमें निस्वार्थ प्रेम, कर्तव्य पालन और आदर्श आचरण की प्रेरणा देता है। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। परीक्षित मुनिषानंद उदासीन और आयोजन समिति ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक जारी रहेगी तथा समापन पर पूणार्हुति और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।




### शहादत को बीत गए 27 साल...

# दुम दबाकर भागे थे पाकिस्तानी सैनिक

### ग्लेशियर की पोस्ट पर कर लिया था कब्जा

उमेश सिसौदिया



**बाह।** रुदमुली के हवलदार नीवेंद्र सिंह भदौरिया दुनियां में नहीं रहे, उनकी स्मृति शेष है। कारगिल के ग्लेशियर में पाकिस्तान के जबड़े से दुर्गम दुर्मुख पोस्ट को छीनकर ईद मनाने वाले सैनिकों में नीवेंद्र सिंह भदौरिया शामिल थे। उनकी वीरगाथा रुदमुली की गलियों में आज भी नई पीढ़ी में देशभक्ति का जोश भर देती है। जुलाई 2002 से जुलाई 2003 तक यूएन मिशन पर शांति बहाली के लिए इथोपिया में रहे हवलदार नीवेंद्र सिंह भदौरिया ने कैप्टन हनीफ उद्दीन के नेतृत्व में कारगिल ग्लेशियर में दुर्गम दुर्मुख चोटी पर सांस रोक देने वाले हालातों में चढ़ाई की थी। गांव के युवा और बुजुर्ग बताते हैं कि ईद का दिन था। दोपहर को ग्रेनेड से पाक टीम के बंकर पर हमला बोला था। जिस पर पाक सैनिक दुम दबाकर भाग खडे. हुए। उसके बाद भारतीय सैनिकों ने उनके ही हथियारों से गोलीबारी की और पोस्ट पर कब्जा कर तिरंगा फहराकर ईद मनाई। पाक कब्जे से दुर्मुख चोटी को छीनने की जंग कैप्टन हनीफ के नेतृत्व में लड़ी गई थी। दुर्मुख इलाके को जीतने के बाद कैप्टन हनीफ समेत तीन जवान शहीद हो गए थे। कैप्टन हनीफ की शहादत के सम्मान में दुर्मुख का नया नाम कैप्टन हनीफ एरिया रखा गया था। रुदमुली के ग्राम प्रधानपति जोगेन्द्र सिंह चौहान कहते हैं कि कारगिल जंग की जीत का हर लम्हा आंखों के सामने आते ही सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। बिग्रेडियर समीर भदौरिया, हवलदार नीवेंद्र सिंह भदौरिया समेत रुदमुली के सात रणबांकुरे कारगिल जंग में लडे. थे। इससे पूर्व पहले विश्व युद्ध में बाह क्षेत्र के 82 सपूतों ने भाग लिया। छह शहीद हुए। दूसरे विश्व युद्ध में 90 जवान शामिल हुए थे। चार शहीद हुए। 1947-48 के कश्मीर युद्ध में 52 में से दो जवान शहीद हुए थे। 1962 में रघुवीर सिंह, 1965 में बृजराज सिंह, 1971 में जसकरन सिंह शहीद हुए। गांव रुदमुली के लोगों ने शहीद स्मारक बनवाकर उनकी यादों को सहेजा है, लेकिन सरकार गांव रुदमुली को पहचान दिलाने के लिए शहीद द्वार तक नहीं बनवा सकी है। साथ ही यहां पर बरसों से हो रही सैनिक ट्रेनिंग सेंटर खोले जाने का सपना भी अब तक पूरा नहीं हो सका है। त्याग और बलिदान के बदले में वीरों की भूमि रुदमुली को क्या मिला ? यह सवाल गांव के हर गली और घर में उठ रहा है।

# परिवार को जमीन पर कब्जा तक न मिला



- शहादत दिवस पर भी नहीं पौंछे जाते आंसू
- घर के ऊपर से खींच दी बिजली की लाइन





टीएनएफ टुडे, बाह।

कारगिल की जंग में बहादुरी से लड़कर शहीद हुए बाह के कोरथ गांव के नायब सूबेदार लायक सिंह के परिवार को पट्टे में मिली जमीन पर 27 साल बाद भी कब्जा नहीं मिल सका है। शहीद के भाई सतेन्द्र सिंह ने बताया कि परिवार को 10 बीघा जमीन का पट्टा मिला था। 2 बीघा जमीन पर ही कब्जा मिल सका है। पट्टे की जमीन पर कब्जे के लिए विभिन्न स्तरों पर ढेरों शिकायतें की। कब्जा नहीं मिला तो शिकायतें करना भी छोड़ दिया है। सरकार की यह घोषणा अधूरी रह गयी। शहीद की वीरनारी शंकुतला देवी ने 2001 में गौरव का मंदिर बनवाया। लायक सिंह के नाम पर गांव के लिए शहीद मार्ग तो बन गया। लेकिन सड़क उखड़ी पड़ी है। सतेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके घर के ऊपर से बिजली की लाइन खींच दी है। एचटी लाइन का बनाया जाल दीवार को छूता है। करंट लगने के खतरे के बारे में कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई। कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि पहले शहादत दिवस पर एसडीएम श्रद्धाजंलि को आये थे। उपेक्षा का आलम ये है कि शहादत दिवस पर भी परिवार के आंसू पौंछने कोई उनके घर पर नहीं पहुंचता। सैनिक बोर्ड द्वारा भी उनकी समस्या जानने का कभी प्रयास नहीं किया गया।

## पुलिस छोड़ पहनी सेना की वर्दी

### 1965 और 1971 के शहीदों की वीरगाथाएं बनी थी कारगिल शहीद लायक सिंह के लिए प्रेरणा का

टीएनएफ टुडे, बाह।

बेशक, यमुना-चंबल के बलिदानियों की वीरगाथाएं युवा पीढ़ी को देश भक्ति के जोश से भर देती हैं। 1965 और 1971 के युद्ध में भदावर भूमि के शहीदों की वीरगाथाओं ने बाह के कोरथ गांव के कारगिल शहीद नायब सूबेदार लायक सिंह के लिए प्रेरणा का काम किया था। शहीद के भाई सतेन्द्र सिंह लायक सिंह से जुड़ी यादों को साझा कर बोले कि इटावा में पुलिस में भर्ती होने के लिए घरवालों ने भेज दिया था। भर्ती होने के बाद यह कहकर पुलिस की नौकरी छोड़ दी कि सेना में भर्ती होकर पाकिस्तान चीन को सबक सिखाना है। यही बजह थी कि पुलिस को छोड़ कर उन्होंने सेना की वर्दी पहनी थी। कारगिल जंग में बहादुरी से लड़कर दुश्मन के दांत खट्टे कर चोटी को कब्जे में लेकर भारतीय झंडा गाड़ा था। गर्व है कि पाकिस्तान की सेना को खदेड़ कर भाई ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कोरथ गांव के अवधेश सिंह भदौरिया बचपन में शहीद लायक सिंह के साथ खेले कूदे, पढे. और उनके साथ ही सेना में भर्ती हुए थे। तैराकी के कई गोल्ड मेडल जीतने वाले अवधेश सिंह भदौरिया ने बताया कि 1965 और 1971 की लड़ाई में क्षेत्र के शहीदों की वीरगाथाओं ने सेना में भर्ती होने के लिए जुनून पैदा किया था। चंबल के टीले से लेकर खादर तक में खूब दौडे, लायक सिंह पढ़ाई में होशियार थे। कक्षा में अब्बल आते थे, सेना में भर्ती हुए। कारगिल जंग में बहादुरी से लड़कर शहीद हुए लायक सिंह गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गये है। अवधेश सिंह ने बताया कि उनकी बचपन, स्कूल और सेना से जुड़ी यादें हमेशा जीवित रहेंगी। पाकिस्तान, चीन की जंग के दौरान उन्होंने अपने साथियों को सेना में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया था।



### गौ सम्मान आह्वान अभियान आज

# दूसरे चरण के लिए तैयारियां पूरी की गईं

### 15 करोड़ से अधिक हस्ताक्षरों का रखा लक्ष्य

टीएनएफ टुडे, आगरा।

गौमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से देशव्यापी स्तर पर संचालित गौ सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण की सभी तैयारियाँ अब पूर्ण हो चुकी हैं। देशभर के सभी जिलों में स्थानीय कार्यकारिणियों द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया गया है। संबंधित जिला प्रशासन से आवश्यक अनुमति भी प्राप्त कर ली गई है। 27 जुलाई को भारत के प्रत्येक जिले में संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को जनता की ओर से हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना-पत्र एवं ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

विदित हो कि पिछले लगभग छह माह से देशभर के संतों, गौसेवकों एवं गौभक्तों के नेतृत्व में गौ सम्मान आह्वान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में गौहत्या निषेध हेतु केंद्रीय कानून का निर्माण, गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान प्रदान करना, गोचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराना, केंद्रीय गौ मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो-चारा नीति का निर्माण तथा कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा एवं मानव जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों को गो- केंद्रित राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाने सहित 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी जा रही है।

#### आज निकलेगी भव्य प्रार्थना-यात्रा

जिला प्रभारी ने बताया कि जनपद में कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। जिले के सभी गौभक्तों से अनुरोध है कि वे प्रातः 7:30 बजे तक (स्थान) पर एकत्रित हों। शुभ मुहूर्त में ठीक प्रातः 8 बजे से गौमाता के पूजन एवं शंखनाद के साथ ॖश्री राम जय राम जय जय रामॖ विजय मंत्र का सामूहिक जप प्रारम्भ होगा। जो की 9:15 तक चलेगा। विजय मंत्र के उपरांत सभी श्रद्धालु झंडे, बैनर, अभियान संदेशों वाले प्लेकार्ड तथा भजन-कीर्तन के साथ शांतिपूर्ण एवं अनुशासित प्रार्थना यात्रा के रूप में जिलाधिकारी कार्यालय की ओर प्रस्थान करेंगे। प्रार्थना यात्रा में भगवान श्रीकृष्ण बलराम का स्वरूप गौमाता बछड़े के साथ सबसे आगे रहेंगे। गौमाता की झांकी तथा अभियान के अंतर्गत संकलित हस्ताक्षरों का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया जाएगा। गौभक्तों की संगठित शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण के प्रतीक के रूप में सम्पूर्ण देश में बुलडोजर पर जनता के दर्शनार्थ गौमाता के लिए किए गए हस्ताक्षर पत्रों को शोभायात्रा में सम्मिलित किया जाएगा।

# संस्कार भारती ने किया 101 कला गुरुओं का सम्मान

### भारतीय कला-संस्कृति और ज्ञान को कला गुरु दे रहे वैश्विक पहचान

टीएनएफ टुडे, आगरा।

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कला एवं साहित्य को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ब्रज प्रांत के अंतर्गत संस्कार भारती, जिला आगरा के तत्वावधान में रविवार को बल्केश्वर स्थित सेंट एंड्र्यूज स्कूल के वातानुकूलित सभागार में नटराज पूजन के साथ 101 कला गुरुओं का भाव भरा सम्मान किया गया। आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, वृंदावन, एटा, हाथरस, शाहजहाँपुर, अलीगढ़, बरेली और बदायूँ के कला गुरु शामिल रहे।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, मुख्य वक्ता राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र, विशिष्ट अतिथि पत्रकारिता विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश के पूर्व कुलपति बलदेव भाई और कार्यक्रम अध्यक्ष समाजसेवी भूप सिंह इंदौलिया ने माँ शारदे और नटराज जी की मूर्ति पर माल्यार्पण व समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान स्वागताध्यक्ष सेंट एंड्र्यूज शिक्षा समूह के मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ. गिरधर शर्मा, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट अमित जैन, पवन गुप्ता, मनीष अग्रवाल पायल वाले, संस्कार भारती के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य बाँकेलाल जी, अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष एड. सुभाष चंद्र अग्रवाल, त्रिक्षेत्रीय संगठन मंत्री विजय कुमार, प्रांतीय संरक्षक एसके मिश्रा, रामकुमार अग्रवाल भी मंच पर मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कला गुरुओं के सम्मान की सराहना करते हुए कहा कि जो देश अपनी कला को आगे नहीं बढ़ाते, वह पीछे छूट जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय कला-संस्कृति और ज्ञान को कला गुरु ही वैश्विक पहचान प्रदान कर रहे हैं। प्रांतीय अध्यक्ष सीए संजय गोयल तथा जिलाध्यक्ष राम अवतार यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। जिला महामंत्री यतेन्द्र सोलंकी ने संस्था के कार्यों से सबको अवगत कराया। कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह चौहान, डॉ. ज्योति खंडेलवाल, वीरा सक्सेना और रोशनी गिडवानी के निर्देशन में 100 उभरते कलाकारों द्वारा ध्येय गीत, गुरु वंदना, गुरु स्तुति और सरस्वती वंदना-भाव नृत्य, वंशी वादन, लोक नृत्य, नाटक, एकल गीत और एकल नृत्य जैसी भावपूर्ण प्रभावी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और कुँवर अनंत विश्वेन्द्र सिंह द्वारा पद्मश्री बाबा योगेंद्र दा पर बनाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म ने सबको भाव-विभोर कर दिया। झंकार जैन के नृत्य, भावना के भजन और ध्रुव के बाँसुरी वादन ने सबका मन मोह लिया। अतिथियों ने प्रखर अवस्थी के संपादन में प्रकाशित कला कुंज भारती ब्रज प्रांत प्रथम अंक का भी लोकार्पण किया।

प्रांतीय कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री नंदनंदन गर्ग, प्रांतीय मंत्री डॉ. मनोज पचौरी, प्रांतीय साहित्य संयोजक डॉ. केशव शर्मा, प्रांतीय मंचीय कला संयोजक मदन मोहन लाल, प्रांतीय दृश्य कला संयोजिका डॉ. इंदिरा अग्रवाल, प्रांतीय कला धरोहर संयोजक आर्येंद्र प्रकाश, प्रांतीय लोक कला संयोजक कुंवर पाल भँवर, जिला संरक्षक करतार चंद्र शास्त्री की प्रमुख उपस्थित रहे। समारोह में साहित्य, पत्रकारिता, इतिहास, चित्रकला, रंगकर्म, संगीत, लोक गायन एवं लोक नृत्य क्षेत्र से 101 विभूतियों को कला गुरु सम्मान प्रदान किया गया।

इनमें आगरा से सुप्रसिद्ध कवि रामेंद्र मोहन त्रिपाठी, डॉ. शशि तिवारी, डॉ. कुसुम चतुर्वेदी, डॉ. सुषमा सिंह, शीलेंद्र कुमार वशिष्ठ, इतिहासविद् प्रो. सुगम आनंद, रंग-रेखा मर्मज्ञ डॉ. चित्रलेखा सिंह, डॉ. सरोज भार्गव, डॉ. साधना सिंह, फिल्मकार रंजीत सामा, उमाशंकर मिश्रा, संगीतज्ञ डॉ. अमिता त्रिपाठी, प्रो. नीलू शर्मा, लोक गायक पंडित मनोज दुबे, वरिष्ठ पत्रकार आदर्श नंदन गुप्त, डॉ. भानु प्रताप सिंह और डॉ. महेश धाकड़ प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# कैशलेस इलाज के साथ 1.5 करोड़ का बीमा कवर भी

## पीएनबी के साथ एमओयू, शिक्षकों को 1.50 करोड़ का दुर्घटना और 3 करोड़ का हवाई दुर्घटना बीमा

**टीएनएफ टुडे, आगरा।**

उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए रविवार का दिन बेहद खास रहा। खंदारी कैंपस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों को स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा का दोहरा तोहफा दिया। योगी सरकार ने जहां एक ओर 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना' का भव्य शुभारंभ किया। वहीं उच्च शिक्षा विभाग ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ एक अहम एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए। इन दोनों ऐतिहासिक कदमों से शिक्षकों और उनके परिवारों का भविष्य और स्वास्थ्य पूरी तरह सुरक्षित हो गया है।

योगी सरकार के मार्गदर्शन में पीएनबी के साथ हुए एमओयू के तहत अब शिक्षकों और शिक्षणेतर कर्मचारियों को 1.50 करोड़ रुपये तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा मिलेगा। इसके अलावा 3 करोड़ रुपये तक का हवाई दुर्घटना बीमा, 60 हजार रुपये तक का अस्पताल नकद लाभ और 12 लाख रुपये तक का टर्म लाइफ बीमा भी उपलब्ध कराया जाएगा। यह विशेष पहल शिक्षकों को एक मजबूत और भरोसेमंद सुरक्षा कवच प्रदान करेगी।

**हर परिवार को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज**

मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना से प्रदेश के विश्वविद्यालयों, अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों और स्ववित्तपोषित संस्थानों (पाठ्यक्रमों) में कार्यरत 1.28 लाख से अधिक शिक्षकों व उनके आश्रित परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को सूचीबद्ध सरकारी व निजी अस्पतालों में हर साल 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। अस्पताल में भर्ती होने से लेकर उपचार, दवाइयों और डिस्चार्ज तक का पूरा खर्च योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

**कैंसर, दिल की बीमारी का भी इलाज होगा**

इस योजना का संचालन साचीज संस्था द्वारा किया जाएगा। इसमें आयुष्मान भारत योजना की ही दरें लागू होंगी। इसके तहत पैनल में शामिल सरकारी और निजी अस्पतालों में 1900 से अधिक बीमारियों के इलाज का पैकेज मिलेगा, जिसमें कैंसर, हृदय रोग, किडनी की समस्या और बड़ी सर्जरियां जैसे गंभीर और महंगे इलाज शामिल हैं। इसके लिए सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर कार्ड वितरित किए जाएंगे।




### आरबीएस कालेज के 133 शिक्षकों को मिला लाभ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों के स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए राजा बलवंत सिंह (आरबीएस) कॉलेज, आगरा के 133 शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान किए। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर स्थित शिवाजी मंडपम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने करकमलों से प्रतीकात्मक रूप से आरबीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. विजय श्रीवास्तव, कैशलेस चिकित्सा योजना के नोडल अधिकारी डॉ. आलोक सिंह के साथ-साथ प्रो. मनु प्रताप सिंह, प्रो. भूपेंद्र शर्मा, प्रो. मनोज सिंह राठौर, प्रो. संजीव शर्मा एवं अन्य शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान किए। योजना के माध्यम से शिक्षकों को सूचीबद्ध अस्पतालों में बेहतर एवं समयबद्ध उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उनके उपचार पर होने वाले आर्थिक बोझ में भी कमी आएगी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र चौधरी, उत्तर प्रदेश सरकार की मंत्री बेबी रानी मौर्य, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, मंत्री धर्मवीर प्रजापति, सांसद नवीन जैन, सांसद राजकुमार चाहर, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, विधायक डॉ. जी.एस. धर्मेश, विधायक चौधरी बाबूलाल, विधायक भगवान सिंह कुशवाहा, विधायक छोटेलाल वर्मा, विधायक रानी पक्षालिका सिंह, विधान परिषद सदस्य विजय शिवहरे, विधान परिषद सदस्य मानवेंद्र प्रताप सिंह, महापौर हेमलता दिवाकर, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

### लाभार्थियों ने जाहिर की खुशी

"यह योजना हमारे लिए एक बड़ी संजीवनी है। अब किसी भी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए हमें कर्ज नहीं लेना पड़ेगा। योगी सरकार का यह कदम सराहनीय है।"

**- डॉ. मुकेश चंद, लाभार्थी शिक्षक**



"योगी सरकार ने शिक्षकों की बरसों पुरानी मांग को आज हकीकत में बदल दिया है। यह हमारे प्रति सरकार की गहरी संवेदनशीलता को दर्शाता है।"

**- डॉ. राजनाथ, लाभार्थी शिक्षक**



"दुर्घटना बीमा और टर्म लाइफ इंश्योरेंस से हमारे परिवारों को भविष्य की एक बड़ी और पक्की सुरक्षा मिली है, जो पहले कभी नहीं थी।"

**- धर्मेंद्र कुमार चौधरी, लाभार्थी शिक्षक**



"कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के कवर होने से अब हम पूरी तरह से निश्चिंत होकर अपने शिक्षण कार्य पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।"

**- डॉ. रवि कांत पाठक, लाभार्थी शिक्षक**



"महिलाओं और उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा हमेशा से एक बड़ी चिंता रही है। 5 लाख का यह कैशलेस कार्ड हमें बड़ी मानसिक राहत देगा।"

**- डॉ. मोनिका अस्थाना, लाभार्थी शिक्षक**



"पीएनबी के साथ एमओयू और कैशलेस चिकित्सा, दोनों ही योजनाएं शिक्षा जगत के लिए ऐतिहासिक हैं। हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के हृदय से आभारी हैं।"

**- अनुपम सक्सेना, लाभार्थी शिक्षक**



# सीएम ने अनिल महाजन को दी श्रद्धांजलि

**टीएनएफ टुडे, आगरा।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष भानु महाजन के निवास पर पहुंचकर उनके पिता व वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय अनिल महाजन जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस मौके पर सीएम योगी ने भानु महाजन से आत्मीय वार्ता करते हुए परिवार के सभी सदस्यों का परिचय प्राप्त किया।

उन्होंने महाजन परिवार की तीन पीढ़ियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी और संगठन के प्रति किए गए समर्पित योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

भानु महाजन ने मुख्यमंत्री से साझा किया कि अस्वस्थ रहने के बावजूद उनके पिता हमेशा यही कहते थे कि 'मेरे स्वास्थ्य की चिंता मत करो, तुम पार्टी की सेवा में लगे रहो।' उनका यह मार्गदर्शन परिवार के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

मुख्यमंत्री ने भानु महाजन की धर्मपत्नी डॉ. पारुल महाजन से भी बातचीत की और आगरा कॉलेज से जुड़े विषयों व हाल ही में शिक्षकों के लिए लागू हुई 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' पर चर्चा की। डॉ. पारुल ने बताया कि इस योजना से पूरे प्रदेश में भारी उत्साह है। इस दौरान स्वर्गीय अनिल महाजन की पत्नी उषा रानी महाजन, अथर्व, ध्रुव महाजन, शिम्पू महाजन, आनंद अग्रवाल, कनिका अग्रवाल, सौरभ, रियांश और ब्राशिक अग्रवाल सहित अन्य परिवारीजन मौजूद रहे।

# वेकमेट फाउंडेशन ने जनसेवार्थ भेंट किया शव वाहन

**टीएनएफ टुडे, आगरा।**

सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता निभाते हुए वेकमेट फाउंडेशन की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व इकाई ने श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी को जनसेवार्थ एक अत्याधुनिक शव वाहन भेंट किया। इस पहल का उद्देश्य अंतिम यात्रा के दौरान शवों के सम्मानजनक, सुरक्षित और सुगम परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराना है। नए शववाहन के शामिल होने से बजाजा कमेटी की सेवा और अधिक प्रभावी एवं त्वरित हो सकेगी। परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के डायरेक्टर मयंक अग्रवाल की माताजी एवं चेयरपर्सन रेखा अग्रवाल ने शव वाहन की चाबी श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी के पदाधिकारियों को सौंपी। कमेटी के अध्यक्ष अनिल जिंदल ने बताया कि नए वाहन के शामिल होने से कमेटी के पास अब कुल 11 शव वाहन हो गए हैं। वहीं महासचिव राजीव अग्रवाल ने जानकारी दी कि इसके अतिरिक्त कमेटी के पास एक वाहन अज्ञात शवों के लिए, एक नेत्रदान सेवा के लिए तथा दो एसी ताबूत सेवा के वाहन भी उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से विभिन्न सामाजिक सेवाएं निरंतर संचालित की जा रही हैं। अध्यक्ष अनिल जिंदल ने वेकमेट फाउंडेशन एवं दानदाता परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग जनसेवा के कार्यों को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

इस अवसर पर मयंक अग्रवाल, शिल्पा अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, सुनील विकल, विष्णु चौधरी, ताराचंद गोयल, प्रशांत गुप्ता, संजीव गुप्ता, राम अग्रवाल, अनुज राठी एवं विपिन जिंदल सहित बजाजा कमेटी के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मेट्रो स्टेशन का नाम 'भगवान श्री झूलेलाल' रखने की मांग

**टीएनएफ टुडे, आगरा।**

आगरा। शहर में मेट्रो सेवा के विस्तार के बीच सिंधी समाज ने अपने आराध्य देव के सम्मान में एक बड़ी मांग बुलंद की है। सिंधी सेंट्रल पंचायत के बैनर तले समाज के एक विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौंपकर आगरा के किसी एक प्रमुख मेट्रो स्टेशन का नाम 'भगवान श्री झूलेलाल' के नाम पर करने का आग्रह किया गया।



महापुरुषों के सम्मान की कड़ी में एक और कदम प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सौंपे पत्र में आगरा मेट्रो के प्रगति कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी सरकार द्वारा मेट्रो स्टेशनों का नाम देश के महापुरुषों और अमर शहीदों के नाम पर रखना एक बेहद सराहनीय कदम है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सेंट जॉन्स अथवा किसी अन्य प्रमुख स्टेशन का नाम 'भगवान श्री झूलेलाल' के नाम पर रखा जाना चाहिए। इससे न केवल सिंधी समाज बल्कि सर्वसमाज के श्रद्धालुओं की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। सिंधी समाज की इस सामूहिक भावना को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने वाले प्रतिनिधिमंडल में हेमंत भोजवानी महामंत्री, सिंधी सेंट्रल पंचायत, सुनील कर्मचंदानी पार्षद, मौजूद रहे।

## बच्चों की अनोखी पहल:

# चैरिटी चेस 2.0 में जुटा सहयोग, 5 अगस्त को वृन्दावन में भेंट की जाएगी सहायता सामग्री



**टीएनएफ टुडे, आगरा।**

सामाजिक सेवा की मिसाल पेश करते हुए शहर के युवाओं और स्कूली बच्चों ने एक सराहनीय पहल की है। सदर स्थित रमन्ना गार्डन में इन्टरेक्ट डिस्ट्रिक संस्था द्वारा आयोजित ह्यचैरिटी चेस 2.0 कार्यक्रम में न केवल प्रतिभा का मंच दिया, बल्कि जरूरतमंदों की मदद के लिए संवेदनशीलता भी जगाई। इस विशेष आयोजन के माध्यम से जुटाई गई सहायता सामग्री, जिसमें फ्रिज सहित अन्य जरूरी वस्तुएं शामिल हैं। 5 अगस्त को वृन्दावन जाकर जरूरतमंद बच्चों को प्रदान की जाएंगी।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग, विशेषकर दृष्टिबाधित और जरूरतमंद बच्चों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना रहा। बच्चों द्वारा की गई इस अनोखी पहल ने यह संदेश दिया कि छोटी उम्र में भी बड़ा बदलाव लाने की सोच और प्रयास संभव है। आयोजन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों (टीसा स्कूल, शिवालिक पब्लिक स्कूल, सेंट मार्क्स स्कूल, प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल) ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी निभाई और सेवा भावना का परिचय दिया। रमन्ना गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम में मनोरंजन के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया गया। प्रतिभागियों के लिए ध्यान (मेडिटेशन) और जुम्बा जैसे सत्र आयोजित किए गए। जिनमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ध्यान सत्र ने मानसिक शांति और एकाग्रता को बढ़ावा दिया, वहीं जुम्बा ने ऊर्जा और उत्साह से माहौल को जीवंत बना दिया।

5 अगस्त को वृन्दावन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एकत्रित सामग्री जरूरतमंद बच्चों को ससम्मान भेंट की जाएगी। यह पहल न केवल सहायता प्रदान करेगी, बल्कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने का माध्यम भी बनेगी। आयोजन टीम में मुख्य रूप से रिद्धि गुप्ता, सोहम भटनागर, हर्ष भारद्वाज, देवांशी सिंह, अर्ज रागिनी, निशांत शर्मा, तन्मय सेंगर, आराधिता शर्मा, आयुष, उज्ज्वल अग्रवाल, मार्गदर्शकों में, गौरी, विक्रम गुप्ता प्रशिक्षकों में सुनील, संयोगिता आदि उपस्थित थे।

## श्री सौभाग्यसागर ससंघ का मंगल प्रवेश

# बैंड-बाजों, जयघोष और पुष्पवर्षा के बीच हुआ भावपूर्ण स्वागत

**टीएनएफ टुडे, आगरा।**

मरसलगंज गौरव, अंकलीकर परम्पराचार्य श्री 108 सौभाग्यसागर जी महाराज ससंघ का लगभग 20 वर्षों बाद उत्तर प्रदेश की धर्मनगरी आगरा के जयपुर हाउस स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में तपस्वी सम्राट वषायोग-2026 संपन्न होने जा रहा है। इसी क्रम में रविवार प्रातःकाल आचार्य श्री सौभाग्य सागर जी महाराज एवं स्थविर संत श्री सुरत्नसागराचार्य जी महाराज ससंघ ने हरीपर्वत से मंगल विहार कर श्री दिगम्बर जैन चैत्यालय में आगमन किया। वहां से भव्य शोभायात्रा बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों, धार्मिक ध्वजों और ₹जय जिनेन्द्र₹, ₹आचार्य श्री की जय₹ के गगनभेदी जयघोषों के साथ विभिन्न मार्गों से होती हुई जे.आर. एम्पायर के सामने स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, टीचर्स कॉलोनी, जयपुर हाउस पहुंची, जहां आचार्य संघ का भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर, मंगल आरती उतारकर एवं चरण



प्रक्षालन कर आचार्य संघ का अभिनंदन किया। मार्ग में श्वेतांबर जैन समाज द्वारा भी आचार्य श्री ससंघ का भव्य एवं भावपूर्ण स्वागत किया गया। समाजजनों ने पुष्पवर्षा, मंगल आरती एवं श्रीफल भेंट कर गुरु भगवंतों के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर दिगम्बर एवं श्वेतांबर दोनों जैन समाजों की सहभागिता ने सामाजिक एकता, सौहार्द और धर्मभावना का अनुपम संदेश प्रस्तुत किया। जयपुर हाउस जैन समाज ने भी गुरु भगवंतों का जयघोष एवं पुष्पवर्षा के साथ भावपूर्ण स्वागत किया। पूरे मार्ग में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अनुपम वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालु गुरु भगवंतों के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शालीमार पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पाठशाला के छात्र-छात्राओं, स्वास्ति महिला मंडल, शांतिनाथ महिला मंडल, क्षमा मैत्री समूह छीपीटोला सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूरा जयपुर हाउस क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर दिखाई दिया।मंदिर पहुंचने पर सौभाग्यशाली श्रद्धालुओं द्वारा 108 थालियों से आचार्य संघ का भव्य प्रक्षालन किया गया। आचार्यश्री ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन कर समस्त श्रद्धालुओं को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। मंदिर समिति द्वारा विशाल धर्मसभा का आयोजन



किया गया। जिसका शुभारंभ चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वास्ति महिला मंडल एवं शांतिनाथ महिला मंडल की महिलाओं ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए परम्पराचार्य श्री सौभाग्यसागर जी महाराज ने कहा कि चातुर्मास आत्मशुद्धि, संयम, स्वाध्याय और साधना का पावन पर्व है। यह समय बाहरी सुख-सुविधाओं से अधिक आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होने का है। धर्म तभी सार्थक है जब वह जीवन में विनम्रता, करुणा, क्षमा और आत्मसंयम का संचार करे। स्थविर संत श्री सुरत्नसागराचार्य जी महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में कहा कि गुरु का सान्निध्य और धर्म का अवसर अत्यंत दुर्लभ होता है। चातुर्मास के प्रत्येक क्षण का सदुपयोग स्वाध्याय, पूजा, सामायिक, तप एवं सेवा में करना चाहिए। जो व्यक्ति धर्म से जुड़ता है, उसका जीवन स्वयं प्रकाशित हो जाता है और वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनता है। धर्मसभा के दौरान श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति, तपस्वी सम्राट वषायोग समिति तथा आगरा की विभिन्न जैन संस्थाओं एवं समाजों ने आचार्य संघ के चरणों में श्रीफल एवं शास्त्र भेंट कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगल प्रवेश के साथ ही यह सुनिश्चित हो गया कि इस वर्ष जयपुर हाउस की पुण्यधरा पर तपस्वी सम्राट वषायोग-2026 का भव्य आयोजन होगा।


**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।

**संपादकः धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com

पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# जल बिन जीवन की कल्पना

जल संकट का एक और गंभीर पक्ष जल प्रदूषण है। देश की अधिकांश नदियां औद्योगिक अपशिष्ट, रासायनिक कचरे और सीवेज के कारण प्रदूषित हो चुकी हैं। जब नदियों और तालाबों का जल उपयोग योग्य नहीं रहता तो भूजल पर दबाव और बढ़ जाता है। इसलिए जल संरक्षण के साथ-साथ जल स्त्रोतों की स्वच्छता भी समान रूप से आवश्यक है। नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि सम्पूर्ण पारिस्थितिकी की जीवनरेखा है। यदि नदियां स्वस्थ रहेंगी तो भूजल भी समृद्ध होगा। आज आवश्यकता केवल नई परियोजनाओं की नहीं, बल्कि जल संस्कृति के पुनर्जागरण की है। भारत में कभी तालाब, बावड़ियां, जोहड़, कुंड और पारंपरिक जल संरचनाएं गांवों की पहचान होती थीं। वे वर्षा के जल को रोककर भूजल को समृद्ध बनाती थीं। आधुनिक विकास की दौड़ में इन जल स्त्रोतों को या तो नष्ट कर दिया गया या अतिक्रमण का शिकार बना दिया गया। यदि इन पारंपरिक जल प्रणालियों का पुनर्जीवन किया जाए तो जल संकट को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। भविष्य का सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या हमारे पास आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्याप्त जल बचेगा? यदि आज भी हमने जल को केवल उपभोग की वस्तु समझा तो आने वाले वर्षों में जल के लिए संघर्ष, पलायन और सामाजिक असंतोष बढ़ना स्वाभाविक होगा। खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होगा, महंगाई बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गहरा संकट आएगा। इसलिए जल संरक्षण केवल पर्यावरण का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और सामाजिक शांति का भी प्रश्न है। आज समय की पुकार है कि ह्यजल बचाना ही भविष्य बचाना हैह्ल हमें बदलती जलवायु के अनुरूप अपनी नीतियों, कृषि प्रणाली और जीवनशैली में व्यापक परिवर्तन लाने होंगे। वर्षा की प्रत्येक बूंद को धरती में उतारना, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करना और जल अनुशासन को जन-आंदोलन बनाना ही इस संकट का सबसे प्रभावी समाधान है। यदि सरकार, वैज्ञानिक, किसान, उद्योग, सामाजिक संगठन और आम नागरिक मिलकर इस दिशा में संकल्पबद्ध प्रयास करें तो जल संकट को अवसर में बदला जा सकता है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करना मानव सभ्यता की सबसे बड़ी विवशता बन जाएगा। जल संरक्षण केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। घरों में पानी की अनावश्यक बबार्दी रोकना, वर्षाजल संचयन अपनाना, रिसाव ठीक कराना, कम पानी वाले उपकरणों का उपयोग करना और बच्चों में जल संरक्षण के संस्कार विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। यदि प्रत्येक परिवार प्रतिदिन कुछ लीटर पानी भी बचाए तो राष्ट्रीय स्तर पर करोड़ों लीटर जल की बचत संभव है। सरकार को भी जल प्रबंधन को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा। प्रत्येक जिले के लिए भूजल बजट तैयार किया जाए, भूजल दोहन पर वैज्ञानिक नियंत्रण हो, सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों- ड्रिप और स्प्रिंकलर-को व्यापक प्रोत्साहन मिले तथा ऐसे कृषि अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाए जो कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली किस्में विकसित करे। साथ ही जल शिक्षा को विद्यालयों के पाठ्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी जल के महत्व को केवल पुस्तकों में नहीं, व्यवहार में भी समझ सके। जल केवल प्रकृति का उपहार नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व का आधार है। पृथ्वी पर जीवन की कल्पना जल के बिना असंभव है, फिर भी विडंबना यह है कि जिस जल को हमारी संस्कृति ने देवत्व प्रदान किया, उसी जल के प्रति हमारा व्यवहार सबसे अधिक लापरवाह रहा है। आज देश और दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों में जल संकट प्रमुख बन चुका है। बढ़ती आबादी, अनियोजित शहरीकरण, अंधाधुंध भूजल दोहन, जलवायु परिवर्तन और वर्षाजल के समुचित प्रबंधन के अभाव ने इस संकट को भयावह बना दिया है। यदि समय रहते चेतना नहीं जागी तो आने वाले वर्षों में पानी केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि सामाजिक तनाव, आर्थिक अस्थिरता और मानवीय संघर्ष का सबसे बड़ा कारण बन सकता है। हाल के शोध इस संकट की गंभीरता को और स्पष्ट करते हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर के अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों में उत्तर भारत का भूजल भंडार लगभग 450 घन किलोमीटर घट चुका है। यह मात्रा देश के सबसे बड़े जलाशयों में से एक इंदिरा सागर बांध की कुल जल संग्रहण क्षमता से लगभग 37 गुना अधिक है। यह आंकड़ा केवल वैज्ञानिक तथ्य नहीं, बल्कि भविष्य के संकट का स्पष्ट संकेत है। इसका अर्थ है कि जिस भूजल पर करोड़ों किसानों की खेती और करोड़ों लोगों का जीवन निर्भर है, वह तेजी से समाप्त हो रहा है।

# छात्र आंदोलनः प्रधानमंत्री के सेल्फी वीडियो संवाद के नीतिगत व सियासी मायने

जब नई दिल्ली सहित देश के विभिन्न हिस्सों में छात्र राजनीति गरमाई तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद ही मोर्चा संभाल लिया और सोशल मीडिया मंच "इंस्टाग्राम" पर किए अपने एक लगभग 2.55 मिनट के सेल्फी वीडियो पोस्ट के माध्यम से जेन-जी से संवाद स्थापित कर विपक्षी नेताओं के सियासी चक्रब्यूह को सफलतापूर्वक भेद दिया। छात्र आंदोलन के द्दष्टिगत प्रधानमंत्री के सेल्फी वीडियो संवाद के नीतिगत व सियासी मायने दूरगामी प्रभाव वाले साबित होंगे।




बीते 12 वर्षों में ऐसे कई मौके आए जब भाजपा का विकल्प बनने चला कांग्रेस नीत विपक्ष अपने संकल्प सिद्धि की राह से ही भटक गया या प्रधानमंत्री की नीतिगत पहल से भटका दिया गया, राजनीतिक शोधकताओं के लिए अनुसंधान का विषय है।

बहरहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जुलाई दिन गुरुवार की मध्य रात अपनी एक सेल्फी-स्टाइल वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जिसका केंद्र बिंदु ठएएळ और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसा संवेदनशील मुद्दा था। उस वीडियो में पीएम मोदी ने भावुकता भरे अंदाज में मुख्य रूप से निम्नलिखित बातें कहीं:

पहला, उन्होंने कहा कि पेपर लीक कोई साधारण घटना नहीं है, बल्कि इससे लाखों छात्रों और उनके परिवारों को गहरा दुख और मानसिक पीड़ा होती है। दूसरा, उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी और पेपर लीक रोकने के लिए व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा।

तीसरा, उन्होंने घोषणा की कि केंद्रीय मंत्रिमंडल एक ऐसे विधेयक पर विचार करेगा, जिसमें पेपर लीक से जुड़े मामलों के लिए फास्ट-ट्रैक अदालतों का प्रावधान, दोषियों के लिए कड़े दंड, और परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा को मजबूत करने के उपाय शामिल होंगे। चौथा और अंतिम, उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की प्राथमिकता रही कि पेपर लीक के कारण छात्रों का एक शैक्षणिक वर्ष बर्बाद न हो।

देखा जाए तो यह वीडियो इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि प्रधानमंत्री ने इसे रात लगभग 11:52 बजे, अपेक्षाकृत अनौपचारिक सेल्फी वीडियो के रूप में जारी किया, जिसे कई विश्लेषकों ने युवाओं, विशेषकर Gen-Z, से सीधे संवाद स्थापित करने की नई शैली के रूप में देखा।

बाद में, उन्होंने दूसरे वीडियो में युवाओं को उनकी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए धन्यवाद भी दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दूसरे इंस्टाग्राम वीडियो में मुख्य रूप से युवाओं, खासकर छात्रों, को संबोधित किया। उनके संदेश का सार यह था कि पिछले वीडियो पर युवाओं की प्रतिक्रिया और सकारात्मक सुझावों के लिए वे आभारी हैं।

उन्होंने कहा, "Thank you, friends. कल देर रात आपसे जुड़ने का अवसर मिला। आपने मेरे वीडियो पर जिस तरह प्रतिक्रिया दी और सकारात्मक सुझाव दिए, उसके लिए आप सभी का धन्यवाद।" उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं का यह स्नेह और सुझाव सरकार के प्रयासों को और मजबूत करेंगे तथा उनका युवाओं से जुड़ाव और गहरा होगा।

दरअसल, यह वीडियो उनके उस पहले इंस्टाग्राम संदेश के बाद आया, जिसमें उन्होंने NEET सहित परीक्षा-पत्र लीक के मुद्दे पर कड़ी कार्रवाई, सख्त कानून और फास्ट-ट्रैक अदालतों की बात कही थी। दूसरे वीडियो का उद्देश्य उस पहले संदेश पर मिली प्रतिक्रिया के लिए युवाओं का आभार व्यक्त करना था।

राजनीतिक द्दष्टि से, कई विश्लेषकों ने इसे Gen-Z युवाओं से सीधे डिजिटल संवाद स्थापित करने की रणनीति के रूप में देखा है, जबकि विपक्ष ने इसकी आलोचना भी की है।

यदि बात उसी इंस्टाग्राम वीडियो और उसके बाद की घटनाओं की है, तो यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि छात्र आंदोलन पर उसका निर्णायक प्रभाव पड़ा है।

अब तक मिली जानकारी के आधार पर कुछ संभावित प्रभाव दिखे हैं: जैसे आंदोलन की दिशा बदली, समाप्त नहीं हुई। हां, प्रधानमंत्री द्वारा सीधे छात्रों को संबोधित करने और पेपर लीक पर सख्त कानून तथा फास्ट-ट्रैक अदालतों की बात करने के बाद आंदोलन का फोकस केवल विरोध से हटकर सरकार के वादों के क्रियान्वयन पर भी आ गया।

वहीं कुछ छात्रों में इसका सकारात्मक संदेश गया। कई छात्रों ने इसे इस संकेत के रूप में देखा कि सरकार ने उनकी चिंता को गंभीरता से लिया है और शीर्ष स्तर से प्रतिक्रिया आई है। वहीं कुछ छात्रों में संदेह भी बना रहा।

खासकर छात्र संगठनों और विपक्ष के कुछ नेताओं ने कहा कि केवल घोषणा पर्याप्त नहीं है; वास्तविक बदलाव तब माना जाएगा जब पेपर लीक के मामलों में शीघ्र कार्रवाई हो, दोषियों को सजा मिले, और परीक्षा प्रणाली में ठोस सुधार दिखाई दें।

लिहाजा सोशल मीडिया पर बहस तेज हुई। वीडियो के बाद #PaperLeak, #NEET और युवाओं से जुड़े विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। इससे मुद्दा सार्वजनिक विमर्श में बना रहा। जहाँ तक समग्र आकलन की बात है तो इस समय उपलब्ध संकेतों के अनुसार, प्रधानमंत्री के संदेश ने राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव अवश्य डाला है, लेकिन क्या इससे छात्र आंदोलन स्थायी रूप से कमजोर पड़ा या समाप्त हो गया, ऐसा कहना उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उचित नहीं होगा।

इसका वास्तविक असर इस बात पर निर्भर करेगा कि सरकार अपनी घोषित कार्रवाइयों को कितनी जल्दी और प्रभावी ढंग से लागू करती है, और छात्र संगठन उन कदमों को कितना पर्याप्त मानते हैं। हालांकि, जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोशल मीडिया पर मध्य रात्रि में विशेष रूप से त्र्ील्ल- (जेन-जी) युवाओं को संबोधित किया गया, उसके कई राजनीतिक, प्रशासनिक और संचार-संबंधी मायने हो सकते हैं, जो इस प्रकार हैं:-

पहला, डिजिटल पीढ़ी तक सीधे पहुंचने की रणनीतिः त्र्ील्ल- पारंपरिक मीडिया की तुलना में सोशल मीडिया पर अधिक सक्रिय है। देर रात भी इस आयु वर्ग का बड़ा हिस्सा ऑनलाइन रहता है, इसलिए उस समय संदेश देना अधिक प्रभावी माना जा सकता है।

दूसरा, भविष्य के मतदाताओं पर फोकसः 18-29 वर्ष के लगभग 50 करोड़ युवा मतदाता चुनावी राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए जितनी साफगोई पूर्वक उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में अपनी सरकार का पक्ष रखा है, उसी तरह से आगे यदि संदेश रोजगार, नवाचार, स्टार्टअप, शिक्षा, कौशल या राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर केंद्रित होकर दें, तो इसे युवाओं के साथ संवाद मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा सकता है।

तीसरा, प्रशासनिक संदेशः जिस तरह से नीट पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सरकार का पक्ष रखा और दूसरे दिन ही लापरवाह अधिकारियों पर गाज गिरा दी, उससे छात्रों के बीच सकारात्मक और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच सख्त संदेश गया है। ऐसे में यदि भविष्य के संबोधन में सरकारी योजनाओं, डिजिटल सेवाओं, साइबर सुरक्षा, कौशल विकास या नागरिक भागीदारी का उल्लेख हो, तो इसका उद्देश्य युवाओं को शासन में सहभागी बनाना भी हो सकता है।

चौथा, राजनीतिक संचार का नया मॉडलः सोशल मीडिया के माध्यम से सीधे संवाद करने से पारंपरिक मीडिया की मध्यस्थता कम हो गई है। क्योंकि इससे प्रधानमंत्री जैसे नेता ने अपनी बात बिना संपादकीय फिल्टर के सीधे समर्थकों और आम नागरिकों तक अपनी भावनात्मक बात पहुंचा दी है। यह बिल्कुल नई शुरूआत है।

पांचवां, वैश्विक डिजिटल राजनीति का प्रभावः दुनिया के कई नेता अब सोशल मीडिया को प्राथमिक संवाद माध्यम बना रहे हैं। ऐसे में यह कदम डिजिटल कूटनीति और आधुनिक राजनीतिक संचार की व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा भी हो सकता है।

हालांकि विपक्ष ने उनके इस पहल की आलोचनाएं भी की हैं। विपक्ष ने इसे राजनीतिक संदेश या चुनावी छवि निर्माण का प्रयास बताया है। कुछ विशेषज्ञ ने यह प्रश्न उठाया है कि क्या देर रात का समय सभी वर्गों तक समान रूप से पहुंचने के लिए उपयुक्त है। यदि महत्वपूर्ण नीतिगत घोषणा केवल सोशल मीडिया पर की जाए, तो पारदर्शिता और संस्थागत संवाद पर भी चर्चा हो सकती है।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि मध्य रात्रि में त्र्ील्ल- युवाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से संबोधित करना केवल समय का चयन नहीं, बल्कि डिजिटल संचार, युवा सहभागिता और राजनीतिक संदेश-प्रबंधन का एक रणनीतिक कदम भी है। इसकी वास्तविक राजनीतिक और प्रशासनिक व्याख्या अंततः इस बात पर निर्भर करेगी कि संदेश का नीट पेपर लीक के बाद अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत छात्रों पर क्या प्रभाव पड़ा, उसका उद्देश्य यदि आंदोलनरत छात्रों को प्रभावित करना था, तो उसके बाद सरकार, संसद व संविधान के अन्य स्तम्भों के साथ साथ जनता की प्रतिक्रिया कैसी रही? यह समीचीन विषय है।

**- कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक**

# हमें अपने आप को टीम हित में ही तैयार रखना है इशान किशन

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन का कहना है कि उन्हें अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक बल्लेबाजी को लेकर हो रही चचार्ओं से कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उनका पूरा ध्यान सिर्फ अपनी भूमिका निभाने और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने पर रहता है। भारत ने शनिवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अभिषेक शर्मा (08) और वैभव सूर्यवंशी (20) के विकेट पहले तीन ओवरों में ही गंवा दिए थे और स्कोर दो विकेट पर 29 हो गया था। इसके बाद किशन ने 44 गेंदों में 81 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को पांच विकेट पर 219 रन तक पहुंचाया। किशन का मानना है कि शुरूआती विकेट जल्दी गिरने पर तीसरे नंबर के बल्लेबाज की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा, ''हर खिलाड़ी की अपनी पहचान हो सकती है, लेकिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते समय आपको समझना होता है कि जब टीम के दो विकेट जल्दी गिर जाएं तो क्या करना है।'' भारत की खराब शुरूआत के बाद किशन ने समझदारी से पारी को संभाला। उन्होंने 31 गेंदों में



अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर अगली 13 गेंदों में 31 रन जोड़कर तेजी से रन बनाए। उनकी पारी में मिड-विकेट पर लगाए गए दमदार शॉट आकर्षण का केंद्र रहे। उन्होंने कहा, ''आप लगातार बल्लेबाजी करना चाहते हैं। कभी मौके का फायदा उठाना होता है तो कभी साझेदारी बनानी होती है। इसके लिए पिच और मैच की परिस्थितियों को समझना जरूरी है।'' उन्होंने कहा, ''जब आप मैदान पर होते हैं तो आपको सिर्फ यह समझना चाहिए कि आसपास क्या हो रहा है और मैच से आपको क्या हासिल करना है।''
किशन ने कहा कि कठिन समय में खिलाड़ियों को उन्हीं चीजों पर ध्यान देना चाहिए जो उनके नियंत्रण में हों। उन्होंने कहा, ''जब चीजें आपके पक्ष में नहीं होतीं, तब उन बातों पर दुखी होने के बजाय अपने प्रदर्शन पर ध्यान देना बेहतर होता है जो आपके नियंत्रण में हैं।'' किशन ने 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की भी जमकर तारीफ की। इंग्लैंड दौरे पर कठिन शुरूआत के बाद वैभव ने पहले टी20 में अर्धशतक लगाकर शानदार वापसी की थी। किशन ने कहा, ''वैभव बहुत समझदार है। उसे पता है कि उसे कैसे बल्लेबाजी करनी है और मैदान के अंदर और बाहर खुद को कैसे संभालना है।'' हालांकि उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में मिली लोकप्रियता के बीच वैभव का जमीन से जुड़े रहना बेहद जरूरी है।
उन्होंने कहा, ''जब आप भारत के लिए खेलते हैं तो आपको पता होना चाहिए कि किस चीज पर ध्यान देना है।'' उन्होंने कहा, ''मैं, अभिषेक, अक्षर भाई और टीम के कई अन्य खिलाड़ी उसे लगातार यही कहते हैं कि क्रिकेट पर ध्यान दो, सोशल मीडिया या बाहरी शोर पर नहीं।'' किशन का मानना है कि यदि वैभव अपना ध्यान बनाए रखते हैं तो वह अकेले दम पर मैच का रुख बदल सकते हैं। उन्होंने कहा, ''अगर वह क्रीज पर टिक जाता है तो टीम के लिए बड़ा अंतर पैदा कर सकता है। पहली ही गेंद से आक्रामक खेलने वाला बल्लेबाज पावरप्ले में टीम को 80-90 रन तक पहुंचा सकता है।''

**-अनाम**

## सितारों की चालः आपका भविष्यफल

**दिनांक 28 जुलाई 2026 मंगलवार**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



**मार्गदर्शनः आचार्य दीदी**
**डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़**
**(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)**
**मो. 9119336673**

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह कन्या धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। मंगलवार का दिन साक्षात पराक्रम के देवता पवनपुत्र भगवान हनुमान की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन हनुमान जी को लाल पुष्प अर्पित करना तथा हनुमान चालीसा या बजरंग बाण का वाचन करना जीवन में असीम साहस आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। पवनपुत्र हनुमान जी को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक द्दष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। हनुमान अष्टक का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। हनुमान जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। माता सीता को लाल पुष्प अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर सिंदूर का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। निर्धन लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में लाल फल का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। हनुमान कवच का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। सुंदरकांड का मानसिक पाठ या श्रवण करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। अंजनीपुत्र हनुमान जी को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। वानरों को चना या केला खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी हनुमान मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

मंगलवार के दिन घर के मुख्य हॉल में दक्षिण या दक्षिण पूर्व की दिशा में लाल रंग का कोई सुंदर शोपीस या तांबे का मंगल यंत्र स्थापित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात बजरंगबली की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# भाजपा ने 910 बूथ अध्यक्षों को दिया डिजिटल प्रशिक्षण

## जे.पी.एस. राठौर ने कहा, बूथ अध्यक्ष संगठन के सेनापति

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर ने बुधवार को संगठन की जमीनी संरचना को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से मथुरा और गोवर्धन में दो बूथ अध्यक्ष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। दोनों कार्यक्रमों में मथुरा-वृंदावन विधानसभा के 509 तथा गोवर्धन विधानसभा के 401 सहित कुल 910 बूथ अध्यक्षों को संगठनात्मक एवं डिजिटल प्रशिक्षण दिया गया।

मथुरा के पांचजन्य प्रेक्षागृह में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा बृज क्षेत्र के उपाध्यक्ष टी.एन. अग्रवाल, पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं हिमाचल प्रदेश प्रभारी तथा विधायक पंडित श्रीकांत शर्मा, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग और महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं गोवर्धन के राधेश्याम सेवा सदन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सहकारिता राज्य मंत्री जे.पी.एस. राठौर, विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, पूर्व विधायक कारिंदा सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी तथा बूथ सम्मेलन जिला संयोजक रामकिशन पाठक ने किया।

प्रशिक्षण सत्रों में बूथ प्रबंधन, संगठनात्मक कार्यप्रणाली, मतदाता संपर्क अभियान, पन्ना प्रमुखों के साथ समन्वय, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों तथा डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि टी.एन. अग्रवाल ने कहा कि बूथ अध्यक्ष संगठन की रीढ़ हैं और उनकी सक्रियता ही संगठन की वास्तविक ताकत है। उन्होंने कार्यकताओं से जनसंपर्क बढ़ाने तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

विधायक पंडित श्रीकांत शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहां बूथ अध्यक्ष की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ष्बूथ होगा मजबूत, तभी विजय होगी सुनिश्चित। उन्होंने प्रत्येक बूथ को संगठन की सबसे मजबूत इकाई बनाने, नए मतदाताओं को जोड़ने और डिजिटल माध्यमों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर दिया।

सहकारिता राज्य मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने कहा कि बूथ अध्यक्ष संगठन के सेनापति हैं और मजबूत बूथ ही चुनावी सफलता की सबसे बड़ी गारंटी है।

## आज मनाया जाएगा महर्षि वेदव्यास का जन्मोत्सव

**मथुरा।** महर्षि वेदव्यास का जन्मोत्सव पर विभिन्न समितियों के द्वारा 27 जुलाई को जगह-जगह चरण अभिषेक, विद्वत संगोष्ठी व विद्वानों का सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति के राष्ट्रीय महामंत्री पंडित बंसीलाल शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम शोभा यात्रा समिति के द्वारा 27 जुलाई को सुबह 9 बजे स्थित स्वामी घाट एवं संयमन तीर्थ पर महर्षि वेदव्यास का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें संगोष्ठी एवं महापुरुषों का सम्मान किया जाएगा। दूसरी ओर कृष्णगंगा घाट स्थित पौराणिक वेद व्यास तपोस्थली पर श्रीमद्भागवत कथा आयोजन समिति द्वारा आदि गुरु महर्षि वेद व्यास प्रादुर्भाव समारोह के अंतर्गत चरणाभिषेक, विद्वत संगोष्ठी व धर्मगुरु सम्मान का आयोजन 27 जुलाई को प्रातः 10 बजे से होगा। जिसमें ब्रजमंडल के विद्वतजन, धमार्चार्य , पांडित्यजन सहभागिता करेंगे।

# दिल्ली बार काउंसिल चुनाव में नंदगांव के लाल आर.एस. गोस्वामी की शानदार जीत

■ ब्रज में खुशी की लहर

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



ब्रज की पावन धरती नंदगांव के प्रतिष्ठित अधिवक्ता पंडित रामस्वरूप (आर.एस.) गोस्वामी एडवोकेट ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, अनुभव और लोकप्रियता का परिचय देते हुए दिल्ली बार काउंसिल के चुनाव में सदस्य पद पर शानदार विजय हासिल की है। उनकी इस जीत से न केवल ब्रज मंडल बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में उनके शुभचिंतकों और अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल है। सोशल मीडिया, फोन और व्यक्तिगत मुलाकातों के माध्यम से उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं।

आर.एस. गोस्वामी शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और पिछले करीब तीन दशक सेअधिक समय से दिल्ली में सफलतापूर्वक वकालत कर रहे हैं। उन्होंने अपने विधिक ज्ञान, निष्पक्ष कार्यशैली और अधिवक्ताओं के हितों के प्रति समर्पण के बल पर एक अलग पहचान बनाई है। वह पूर्व में दिल्ली बार काउंसिल के चेयरमैन रह चुके हैं।

इसके साथ ही उन्होंने नामांकन एवं निर्धन अधिवक्ता सहायता समिति के चेयरमैन के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है, जहां उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों और कल्याण से जुड़े अनेक सराहनीय कार्य किए।

अब एक बार फिर दिल्ली बार काउंसिल के सदस्य निर्वाचित होने के बाद परिषद के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों के लिए चुनाव होना है। ऐसे में उनके समर्थकों और शुभचिंतकों को विश्वास है कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें परिषद में एक और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

उनकी इस शानदार जीत पर ब्रज मंडल के साथ-साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से अधिवक्ताओं, समाजसेवियों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उनकी सफलता को ब्रज क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय माना जा रहा है।

# दर्जनभर शहरों से आए श्रद्धालुओं ने की प्रेम मंदिर पर अपने हाथों से सफाई

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृंदावन।

हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना हैष महाअभियान के अंतर्गत रविवार को वृंदावन में इस्कॉन मंदिर से प्रेम मंदिर तक भव्य स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, नगर निगम, हार्टफुलनेस संस्था और प्रोजेक्ट मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान में हेरिटेज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों तथा विभिन्न शहरों से आए स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रमणरेती मार्ग पर अभियान चलाया। कूडे को बीन कर डिस्टबिन में डाला। स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त वृंदावन बनाने के लिए तीर्थ यात्रियों को श्लोगन लिखे पत्रक वितरित किए। अभियान की शुरूआत हेरिटेज पब्लिक स्कूल में आयोजित हार्टफुलनेस ध्यान सत्र से हुई, जिसमें प्रतिभागियों को सेवा, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने इस्कॉन मंदिर से प्रेम मंदिर तक मार्ग की सफाई की तथा स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं को स्वच्छता बनाए रखने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया। छोटे दुकानदारों के यहां और ढेलर- ढकेलों पर स्वच्छता के संदेश लिखे लेमिनेटेड पत्रक टांगे। ब्रज वैभव अभियान अब राष्ट्रीय जनआंदोलन का स्वरूप ले रहा है। अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि जनसहभागिता के माध्यम से ब्रज के खोए हुए वैभव को पुनर्स्थापित करना है। हार्टफुलनेस के कोऑर्डिनेटर निशांत शर्मा ने सभी नागरिकों से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। हेरिटेज पब्लिक स्कूल के निदेशक अनुपम शर्मा ने कहा कि वृंदावन को प्लास्टिक मुक्त बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कहा कि जब तक समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान से नहीं जुड़ेगा, तब तक स्थायी परिवर्तन संभव नहीं होगा। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी भविष्य में स्वच्छ, जागरूक और जिम्मेदार समाज के निर्माण की मजबूत नींव है। पूरे मार्ग में स्वयंसेवकों ने सफाई के साथ-साथ लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों, स्वच्छता के महत्व और ब्रज की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से सेवा कार्य करते हुए इस महाअभियान को आगे बढ़ाएंगे और जनसहभागिता के माध्यम से ब्रज को स्वच्छ, सुंदर, प्लास्टिक मुक्त तथा उसके गौरव के अनुरूप बनाने में अपना निरंतर योगदान देंगे।

## दो घंटे में खोज निकाला गुम हुआ पर्स

**मथुरा।** तकनीक वरदान है तो अभिशाप भी बन सकती है। सोशल मीडिया को लेकर जिस तरह से तमाम तरह की नकारात्मक बातें सामने आ रही हैं, और साइबर फ्रॉड पुलिस के लिए चुनौती बन गया है तो वहीं सीसीटीवी तकनीक वरदान साबित हो रही है। महानगर के महत्वपूर्ण और भीडभाड वालने इलाकों, तिराहे चौराहों पर लगाये गए सीसीटीवी कैमरे कितने महत्वपूर्ण हो सकते हैं, यह शनिवार की रात देखने को मिला। सीसीटीवी फुटेज के जरिये पुलिस ने एक पूर्व सैनिक के गुम हुए पर्स को दो घंटे में खोज निकाला। वह भी तब जब पीड़ित खुद यह नहीं जानता था कि पर्स कहां गुम हुआ है। पर्स में करीब साढ़े पांच लाख रुपये के जेवरात रखे थे।
ये जेवरात सैनिक ने परिवार के साथ कृष्णा नगर स्थित एक ज्वैलरी शॉप से खरीदे थे। पीड़ित परिवार ने खुद भी पर्स को तलाशने का प्रयास किया लेकिन जब वह हताश हो गये तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और अपनी तीसरी आंख का सहारा लिया। पीड़ित द्वारा दी गई जानकारी पर पुलिस ने विश्वास करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और दो घंटे के अंदर पर्स को तलाश कर पीड़ित परिवार के सुपुर्द कर दिया।

# शिक्षा मित्रों ने दिवंगत शिक्षा मित्रों को मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

## मुख्यमंत्री के नाम जिला अधिकारी को दिया अपनी मांगों का ज्ञापन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के बैनर तले जनपद के शिक्षा मित्रों ने वट वृक्ष कलेक्ट्रेट पर एकत्रित होकर 25 जुलाई 2017 को सुप्रीम कोर्ट के द्वारा शिक्षा मित्रों का समायोजन रदद् किये जाने के बाद और सरकार की उदासीनता से प्रभावित होकर जान गवाने वाले शिक्षा मित्रों को याद करने के लिए मोमबत्ती जलाकर और 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला अधिकारी मथुरा की अनुपस्थिति में उपजिलाधिकारी न्यायिक अश्वनी कुमार को सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चौधरी ने कहा कि 25 जुलाई 2017 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षा मित्रों का समायोजन रदद् होने के बाद आज तक जनपद सहित पूरे प्रदेश में लगभग 15 हजार शिक्षा मित्र अवसाद में आकर आत्म हत्या , आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण इलाज न करा पाने के कारण गम्भीर बीमारियों से अपनी जान गवा चुके हैं , शिक्षा मित्र हर वर्ष इस दिन को काले दिवस के रूप में मनाते हैं और अपने दिवंगत साथियों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं। इसी क्रम में हमने अपने साथियों को श्रद्धांजलि सभा आयोजित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है साथ ही हमने शिक्षा मित्रों की मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला अधिकारी मथुरा को दिया है। जिसमें प्रमुख मांग है कि दिवंगत शिक्षा मित्रों को उचित आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए उनके परिवार के किसी एक सदस्य को उसकी योग्यता अनुसार नोकरी दी जाए । शिक्षा मित्रों का नियमिति करण किया जाए। टैट पास शिक्षा मित्रों को सुपर टैट से छूट प्रदान करते हुए सहायक अध्यापक के पद पर समायोजित किया जाए , शिक्षा मित्रों को उनके मूल विद्यालय एवं महिला शिक्षा मित्रों को उनके पति के निवास स्थान पर स्थान्तरित किये जाने वाले 3 जनवरी 25 के आदेश का पालन कराया जाए, शिक्षा मित्रों को वर्ष में 11 माह के स्थान पर पूरे 12 माह का मानदेय दिया जाए, शिक्षा मित्रों की सेवानिवृत्ति 60 वर्ष के स्थान पर 62 वर्ष की जाए और शिक्षा मित्रों को भी शिक्षको की भांति मेडिकल अवकाश की सुविधा प्रदान की जाए । आज ज्ञापन और श्रद्धांजलि देने वालों में दीपक गुप्ता, ठाकुर योगेंद्र सिंह, रामकुमार चौधरी, जगराज गुर्जर, राजकुमार चौधरी, तेजवीर सिंह, बनी सिंह सागर, प्रहलाद सिंह, रामवीर छोंकर, सुशील कुमार, कृष्णपाल चौधरी, चन्द्रमोहन, उदय सिंह, कुसुमलता, मधुबाला संगीता, शशि पचौरी प्रीति यादव, रेखा, शिवकुमार शर्मा, महेश चन्द, विहारी लाल, ममता, कुलदीप, नरदेव आदि दर्जनों शिक्षा मित्र रहे।

## सावन, भादौं के महीनों में ठा.द्वारकाधीश मंदिर में बिखरेगी अनूठी छटा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

■ पूरे श्रावण मास से जन्माष्टमी तक होंगे द्वारकाधीश मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम

■ हिंडोले व घटाओं में राजाधिराज के दर्शन कर देते हैं भक्तों को आनंदित

पुष्टिमार्ग संप्रदाय के प्रसिद्ध मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में सोने चांदी के हिंडोले व रंग बिरंगी घटाओं के दर्शन पूरे श्रावण मास व श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव तक होंगे। मंदिर के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मंदिर के गोस्वामी डॉ. वागीश कुमार महाराज तृतीय पीठाधीश्वर, कांकरोली नरेश के निर्देशन सावन मास व भादो मास के सभी कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उन्होंने ने बताया कि 30 जुलाई से श्रावण मास प्रारंभ होगा ।पूरे श्रावण मास में ठाकुर जी स्वर्ण एवं रजत के विभिन्न हिंडोलों में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देंगे। हिंडोला दर्शन का समय सायं 5.10 बजे से 5.40 बजे तक रहेगा। 10 अगस्त से विभिन्न घटाओं के कार्यक्रम शुरू होंगे। घटा दर्शन का समय सायं 7.00 बजे से 8.00 बजे तक रहेगा। कुल 9 घटाओं का आयोजन होगा। जिसमें सबसे पहले 10 अगस्त को केसरी घटा उसके बाद क्रमशः हरी घटा, सोसनी घटा,आसमानी घटा,गुलाबी घटा,लाल घटा,श्याम घटा, लहरिया घटा,सफेद घटा मंदिर में सजाई जाएगी। 4 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी और 5 सितंबर को नंद महोत्सव के साथ इन सभी कार्यक्रमों का समापन होगा। उन्होंने ने बताया कि जिस दिन मंदिर में घटा का मनोरथ होगा, उस दिन सायं 4 बजे होने वाले उध्यापन के दर्शन सायं 5 बजे होंगे। उन्होंने ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध किया है कि दर्शनों के इस परिवर्तित समय को ध्यान में रखकर ठाकुर जी के विभिन्न मनोरथों, घटाओं और हिंडोलों का आनंद लें।

# कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यकर्ताओं संग सुना प्रधानमंत्री के मन की बात

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



भारतीय जनता पार्टी महानगर मथुरा द्वारा रविवार को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136 वें संस्करण का सामूहिक श्रवण महानगर के 910 विभिन्न बूथों पर आयोजित किया गया ।इसी क्रम में अट्टला चुंगी स्थित पार्षद कार्यालय, बूथ संख्या-12 पर उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव एवं भाजपा कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम का श्रवण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता और जनभागीदारी से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों के प्रति प्रेरित करते हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक संदेशों को बूथ स्तर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करें। महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का यह 136वां मासिक एपिसोड था। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों और सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि 26 जुलाई देशवासियों के लिए गौरव का दिन है। उन्होंने कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और मातृभूमि की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करते हुए सभी वीर शहीदों एवं वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महामंत्री विनीत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष ललित गौतम, जिला मंत्री अंकुर गुर्जर, पूजा चौधरी, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र वार्ष्णेय (रोनू), पार्षद प्रतिनिधि सतीश बघेल,मंडल महामंत्री प्राण बल्लभ दुबे, अवधेश गौतम, प्रशांत सारस्वत, प्रदीप शर्मा, योगेश गौतम, मुकेश सारस्वत, मुन्ना लाल निषाद, शशि शुक्ला, कंचन झा, अंकुर शर्मा, दीपक बघेल, मोतीलाल राठौर, ललित वर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मथुरा में 28 को होगा अखिल भारतीय सिंधी कवि सम्मेलन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

■ उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी द्वारा सिंधी भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण हेतु किए जा रहे हैं कार्यक्रम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी द्वारा सिंधी बोली - भाषा, कला एवं संस्कृति के संरक्षण - संवर्द्धन हेतु प्रदेश के विभिन्न शहरों में विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में उप्र सिंधी अकादमी द्वारा मथुरा में अखिल भारत सिंधी कवि सम्मेलन का आयोजन कराया जा रहा है।

इसी संदर्भ में एक बैठक बहादुर पुरा स्थित स्वामी लीलाशाह सिंधी धर्मशाला में हुई, जिसमें नारायण दास लखवानी, बसंतलाल मंगलानी, प्रदीप उकरानी, जीवतराम चंदानी, सुरेश मेठवानी, गिरधारी नाथानी, मनोहर मंगलानी, तरूण नाजवानी, दीपक टेकवानी, रवि चंदानी, ललित नाथानी, मुकेश कोतकवानी, दिनेश केवलानी, सतीश मंगलानी, धर्मेंद्र लालवानी, जितेंद्र उतवानी तथा कार्यक्रम के सूत्रधार किशोर इसरानी एवं संयोजक तरूण लखवानी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की।

सिंधी नवयुवक मंडल की मेजबानी में 28 जुलाई मंगलवार को सायं 6 बजे से 8 बजे तक स्टेट बैंक चौराहे के पास स्थित एक होटल ब्रजवासी रॉयल में हो रहे अखिल भारत सिंधी कवि सम्मेलन में मध्यप्रदेश के भोपाल से नारी लच्छवाणी, हर्षा मूलचंदाणी एवं हास्य कवि महेश मूलचंदानी, इंदौर से नमोश तलरेजा, महाराष्ट्र के कल्याण से प्रिया वच्छानी, राजस्थान के टोंक से योग्यता इसरानी, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से श्रीचंद भागिया, उरई से पूजा रावलानी, मथुरा से किशोर इसरानी, आगरा से कुनाल चावला आदि कविजन सिंधी बोली में कविताएं एवं गजल प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में उप्र सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक कुमार अखिल की मौजूदगी रहेगी, वहीं सिंधी समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के गणमान्यजन अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसमें मथुरा के समस्त सिंधी संगठनों के प्रतिनिधियों की भागीदारी रहेगी, वहीं स्वागतकर्ता कार्यक्रम की सहयोगी संस्था सिंधी नवयुवक मंडल, सिंधी जनरल पंचायत तथा लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य मेजबानी करेंगे। उप्र सिंधी अकादमी के निदेशक अभिषेक कुमार अखिल का कहना है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के उभरते हुए सिंधी कवि एवं लेखकों को मंच देने के प्रयास के साथ ही प्रदेश के बाहर से आ रहे प्रसिद्ध कवि साहित्यकारों से अनुभव प्राप्त करना भी है।
भाषा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन सिंधी अकादमी, सिंधी बोली - भाषा, कला एवं संस्कृति के संरक्षण - संवर्द्धन हेतु प्रदेशभर में सिंधी पाठशाला, सिंधी संगोष्ठी आदि कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं।

# मुड़िया मेला-2026: श्रद्धालुओं की सेवा में मुस्तैद रेलवे प्रशासन, स्काउट्स, वाणिज्य और आरपीएफ का उत्कृष्ट समन्वय

## अपर मंडल रेल प्रबंधक आगरा और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ने किया मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।





मुड़िया मेला-2026 के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के निर्देशन में आगरा मंडल द्वारा व्यापक और चाक-चौबंद व्यवस्थाएँ की गई हैं। मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अपर मंडल रेल प्रबंधक (आगरा) गिरीश कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एस. रामकृष्णन ने मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, होल्डिंग एरिया, सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन का बारीकी से निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ सतत निगरानी रखें।

मेले के दौरान मथुरा जंक्शन एवं गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सहायता के लिए भारी संख्या में बल तैनात किया गया है, जिसमें लगभग 85 स्काउट्स एंड गाइड्स स्टाफ और 90 वाणिज्य कर्मचारी शिफ्टवार मुस्तैद हैं। लगभग 350 रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के अधिकारी और जवान सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण संभाल रहे हैं।

वाणिज्य विभाग के कर्मचारी यात्रियों को ट्रेनों, प्लेटफॉर्म और टिकटिंग की जानकारी दे रहे हैं, वहीं स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवक वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांग यात्रियों को स्टेशन परिसर में मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसके साथ ही, रेल सुरक्षा बल स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज और प्रवेश-निकास द्वारों पर सतत निगरानी रखते हुए भीड़ प्रबंधन को प्रभावी बना रहा है।

रेल प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे रेलवे कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा दिए जा रहे निदेर्शों का पूरी तरह पालन करें। किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर यात्री स्टेशन पर तैनात वाणिज्य कर्मचारियों, स्काउट्स एंड गाइड्स अथवा रेल सुरक्षा बल से तुरंत संपर्क कर सकते हैं। आगरा मंडल मुड़िया मेला-2026 के दौरान यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और निर्बाध रेल संचालन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# करहल और मैनपुरी के विकास को मिली नई गति, मुख्यमंत्री योगी ने दी 111 परियोजनाओं की सौगात

## मैनपुरी में विकास की नई इबारतः मुख्यमंत्री योगी ने 682.93 करोड़ रु. की योजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास







ऋषीकान्त दुबे।

**मैनपुरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद के सवार्गीण विकास हेतु रू. 06 अरब 82 करोड़ 93 लाख की लागत से निर्मित, निमार्णाधीन 111 परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास किया, जिसमें विधान सभा मैनपुरी की रू. 87.57 करोड़ की 26 एवं विधान सभा करहल की रू. 54.52 करोड़ की 39 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा विधान सभा क्षेत्र मैनपुरी की रू. 425.19 करोड़ की 26, विधान सभा क्षेत्र करहल की रू. 115.65 करोड़ की 20 परियोजनाओं का शिलान्यास सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने आज जिन परियोजनाओं का लोकार्पण किया, उसमें मुख्य रूप से विधान सभा क्षेत्र मैनपुरी में रू. 15 करोड़ 74 लाख की लागत से पुलिस लाइन में ट्रॉजिस्ट हॉस्टल में जी$8 आवास, रू. 13 करोड़ 19 लाख की लागत से नवीन राजकीय नलकूप परियोजनाओं, रू. 09 करोड़ 27 लाख की लागत से अग्निशमन केन्द्र के आवासीय भवनों का निर्माण, रू. 08 करोड़ 67 लाख की लागत से रजवाहा पचावर के पुर्नस्थापना, नहरी भूमि के सीमाकंन कार्य, रू. 03 करोड़ 41 लाख की लागत से राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में बैंक, एटीएम, पोस्ट ऑफिस, कैफेटेरिया सुविधायुक्त शॉपिंग कॉम्पेक्स का निर्माण, रू. 02 करोड़ 92 लाख की लागत से अलूपुरा पेयजल योजना, रू. 02 करोड़ 62 लाख की लागत से लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों हेतु टाइप-4 के 06 नग आवासों का निर्माण, रू. 02 करोड़ 50 लाख की



लागत से जीगनचन्दाई मार्ग से बम्बा की पटरी होते हुए नगला घनी तक सम्पर्क मार्ग, रू. 02 करोड़ 49 लाख की लागत से अस्योली ग्राम पेयजल योजना, रू. 02 करोड़ 48 लाख की लागत से शिवसिंहपुर नवादा ग्राम पेयजल योजना, रू. 02 करोड़ 45 लाख की लागत से बिछिया विक्रमपुर ग्राम पेयजल योजना, रू. 02 करोड़ 22 लाख की लागत से कूकामई पेयजल योजना तथा विधान सभा क्षेत्र करहल में रू. 06 करोड़ 91 लाख की लागत से इटावा शाखा के किनारे से निकलने वाले कुशियारी रजवाहा की पुर्नस्थापना, नहरी भूमि के सीमांकन कार्य की परियोजना, रू. 03 करोड़ 45 लाख की लागत से फायर स्टेशन करहल, रू. 03 करोड़ 16 लाख की लागत से बांसक रजवाहा की पटरी जीपेबल बनाने हेतु मिट्टी, ब्रिक सोलिंग कार्य, रू. 02 करोड़ 32 लाख की लागत से बादशाहपुर ग्राम पेयजल योजना, रू. 02 करोड़ 31 लाख की लागत से बलापुर ग्राम पेयजल योजना, रू. 02 करोड़ 18 लाख की लागत से बस स्टेशन घिरोर का पुनर्निर्माण, रू. 02 करोड़ 17 लाख की लागत से बिघरई ग्राम पेयजल योजना, रू. 02 करोड़ 04 लाख की लागत से भूरापुरा पेयजल योजना का लोकार्पण किया गया।

मुख्यमंत्री उ.प्र. शासन ने विधान सभा क्षेत्र मैनपुरी के अन्तर्गत रू. 169 करोड़ 42 लाख की लागत से मैनपुरी शहर हेतु 02 लैन विद पेब्ड शोल्डर दक्षिणी बाईपास के निर्माण, रू. 127 करोड़ 68 लाख की लागत से अमृत 2.0 योजनान्तर्गत नगर पालिका परिषद पुनर्गठन पेयजल योजना, रू. 48 करोड़ 34 लाख की लागत से लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में 1500 क्षमता के ऑडिटोरियम-कम-मल्टीपर्पज हॉल, रू. 12 करोड़ 91 लाख की लागत से स्पॉर्ट्स स्टेडियम में इनडोर हॉल एवं निर्मित बेडमिंटन हॉल के जीर्णोद्धार, रू. 12 करोड़ 18 लाख की लागत से लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में 180 बैडेड क्षमता के 01 नग बालक छात्रावास हॉल के निर्माण, रू. 11 करोड़ 89 लाख की लागत से अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद के आवास विकास वार्ड में पेयजल योजना, रू. 10 करोड़ 87 लाख की लागत से नव-सृजित तहसील कुरावली के आवासीय भवनों, रू. 07 करोड़ 07 लाख की लागत से टाटा टेक्नोलॉजी लिमि. के सहयोग से प्रथम चरण में चयनित राजकीय पॉलीटेक्निक मैनपुरी में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापना, रू. 04 करोड़ 82 लाख की लागत से मुख्यमंत्री वैश्विक नगरीय योजनान्तर्गत डिजिटल लाइब्रेरी, रू. 04 करोड़ 38 लाख की लागत से जिला कारागार में टाइप-2 के 12 नग आवासों, रू. 02 करोड़ 07 लाख की लागत से राज्य सेक्टर के पेयजल व्यवस्था एवं विधान सभा क्षेत्र करहल के अन्तर्गत रू. 23 करोड़ 93 लाख की लागत से मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय, रू. 23 करोड़ 15 लाख की लागत से मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय ग्राम घिरोर, रू. 19 करोड़ 05 लाख की लागत से मैनपुरी प्रखंड के अन्तर्गत इटावा शाखा पर पुनर्स्थापना, रू. 12 करोड़ 15 लाख की लागत से मैनपुरी प्रखंड के अन्तर्गत इटावा शाखा के पुनर्स्थापना, रू. 07 करोड़ की लागत से नगला जाटवान वाया रामनगर मार्ग पर आरसीसी सेतु एवं पहुंच मार्ग, रू. 05 करोड़ 28 लाख की लागत से कानपुर शाखा के हेड के डाउन स्ट्रीम में बैंकों के कटान की सुरक्षा हेतु ट्रॉजिशन वॉल, रू. 03 करोड़ 81 लाख की लागत से करहल, घिरोर, कुरावली, प्रमुख जिला मार्ग पर आरसीसी सेतु,पहुंच मार्ग, रू. 03 करोड़ 19 लाख की लागत से करहल में कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय में बालिका छात्रावास के निर्माण, रू. 02 करोड़ 58 लाख की लागत से निचली गंगा नहर के अन्तर्गत कानपुर शाखा की सर्विस रोड पर ब्रिक सोलिंग कार्य, रू. 02 करोड़ 54 लाख की लागत से कानपुर शाखा पर नहर तल के पुर्नभरण के कार्य, रू. 02 करोड़ 20 लाख की लागत से मोहकमपुर में मानस स्मारक मंदिर का पर्यटन विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

### सीएम ने पास बुलाकर अनुजेश प्रताप यादव के साथ दबाया लोकार्पण का बटन

**मैनपुरी।** लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मंच पर एक विशेष पल देखने को मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण के लिए बटन दबाने ही वाले थे कि उनकी नजर मंच पर कुछ दूरी पर खड़े करहल विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रहे अनुजेश प्रताप यादव पर पड़ी। मुख्यमंत्री ने इशारे से उन्हें अपने पास बुलाया। अनुजेश प्रताप यादव के पास पहुंचने के बाद ही मुख्यमंत्री योगी ने उनके साथ मिलकर लोकार्पण का बटन दबाया। जब तक अनुजेश उनके बिल्कुल पास नहीं आ गए, तब तक मुख्यमंत्री ने बटन नहीं दबाया। खुद उनका हाथ पकड़कर बटन दबाया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस दृश्य को गौर से देखा और इसे मुख्यमंत्री द्वारा अनुजेश प्रताप यादव को दिए गए विशेष महत्व के रूप में देखा गया।

### योगी ने मंच से प्रमुख नेताओं को दिया विशेष महत्व

मैनपुरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन के दौरान पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, भोगांव विधायक रामनरेश अग्निहोत्री, भाजपा नेता अनुजेश प्रताप यादव, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री प्रेम सिंह शाक्य तथा भाजपा जिलाध्यक्ष ममता राजपूत को विशेष महत्व दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन जनप्रतिनिधियों द्वारा जनहित में दिए जाने वाले प्रत्येक प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर मंजूरी देने का प्रयास किया जाएगा, ताकि मैनपुरी के विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके। मुख्यमंत्री के इस बयान को मंच पर मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया।

मुख्यमंत्री उ.प्र. शासन ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सामुदायिक निवेश निधि के अन्तर्गत रूबी, पूनम सक्सैना को रू. 02.58 करोड़, कैश क्रेडिट लिंकेज योजनान्तर्गत अर्चना शाक्य, देवकी को रू. 60 करोड़, रिवाल्विंग फंड के अन्तर्गत आरती देवी, पूनम चौहान को 48.60 लाख, मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजनान्तर्गत मनाली सिंह को रेस्टोरेन्ट हेतु रू. 10 लाख, पॉलीहाउस योजनान्तर्गत शुभम वर्मा को रू. 14.375 लाख, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजनान्तर्गत अंजू कुमारी को रू. 05 लाख, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की लाभार्थी शोभा देवी को 01.20 लाख के डेमो चैक, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत कुं. पलक यादव, कुं. आस्था को डेमो चैक एवं लेपटॉप उपलब्ध कराये वहीं एक जनपद-एक उत्पाद योजनान्तर्गत अनुराधा को





टूलकिट, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की लाभार्थी निशा देवी को आवास की चाबी, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत राधे श्याम मिश्रा को आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री उज्व्वला योजनान्तर्गत छोटी बिटिया को एलपीजी कनेक्शन स्वीकृति पत्र प्रदान किये, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की संचालित गोद भराई योजनान्तर्गत गर्भवती महिला संध्या, किरन को पोषण किट, अन्न-प्रासन्न योजनांतर्गत 06 माह की आयु पूर्ण कर चुकी मिष्ठी, आयु को अपने कर-कमलों से ऊपरी आहार खिलाया, बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में अध्ययनरत ओंकार, संजय, दिव्या चौहान, कीर्ति, रूद्रप्रताप, नैन्सी को निःशुल्क बैग, पाठ्य पुस्तक भी उपलब्ध करायीं।

इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति, पैक्सफेड अध्यक्ष प्रेम सिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना भदौरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, पूर्व विधायक अशोक सिंह चौहान, अनुजेश प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष संगीता गुप्ता, अन्य जन-प्रतिनिधियों के अलावा आयुक्त आगरा मंडल आगरा नगेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनन्द, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी शिवम मिश्रा, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. शोभनाथ चौरसिया, उपायुक्त एन.आर.एल.एम. शौकत अली, आदि उपस्थित रहे।

# विकास, विरासत, सुरक्षा और सुशासन के दम पर बदली जनपद की पहचान, उ.प्र. अब देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मा. योगी आदित्यनाथ ने जनपद के सर्वांगीण विकास हेतु रू. 06 अरब 82 करोड़ 93 लाख की 111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास एवं विभिन्न जन-कल्याणकारी, लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति के डेमो चैक, आवास की चाबी, आयुष्मान कार्ड, निःशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के उपरांत उपस्थित जन-समूह को संबोधित करते हुए कहा कि मैनपुरी ऋषियों, महापुरुषों और प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक महाराजा तेज सिंह चौहान की पावन भूमि है। उन्होने कहा कि एक समय ऐसा था जब मैनपुरी की पहचान अपराध और भय के कारण प्रभावित थी, यहां के युवाओं को प्रदेश से बाहर सम्मान नहीं मिलता था लेकिन आज उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर के साथ मैनपुरी के युवाओं, किसानों और व्यापारियों को पूरे देश में सम्मान मिल रहा है, यह परिवर्तन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं डबल इंजन सरकार की विकासपरक नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में नौकरी योग्यता से नहीं बल्कि सिफारिश और भ्रष्टाचार के आधार पर मिलती थी, आज पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से लाखों युवाओं को बिना भेद-भाव सरकारी योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं, प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, निवेश बढ़ा है और उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की छवि से निकलकर देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ बिना किसी जाति, वर्ग या धर्म के भेदभाव के पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है, किसानों के लिए फसल ऋण माफी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना, मुफ्त सिंचाई सुविधा और अन्य योजनाओं का लाभ समान रूप से उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है, प्रदेश को माफिया मुक्त बनाया गया है, अब बेटियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, पहले दंगे, भय और असुरक्षा का वातावरण था, आज प्रदेश में शांतिपूर्ण वातावरण में सभी पर्व एवं धार्मिक आयोजन पूरे उत्साह से संपन्न हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री उ.प्र. शासन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने मैनपुरी की पहचान को पूरी तरह बदल दिया है, कभी अपराध, भय और असुरक्षा के कारण बदनाम रहा जनपद आज विकास, सुशासन, सांस्कृतिक विरासत, निवेश, रोजगार और सम्मान की नई पहचान के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होने भारत की पौराणिक एवं ऐतिहासिक विरासत से समृद्ध मैनपुरी की धरती को नमन करते हुए कहा कि महर्षि मयन और महर्षि च्यवन की तपोभूमि तथा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली इस पवित्र भूमि पर आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होने कहा कि आज का मैनपुरी अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक पहचान के साथ-साथ विकास की नई यात्रा के लिए जाना जा रहा है, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब मैनपुरी का नाम सुनकर लोग घबरा जाते थे, यहां के युवाओं को प्रदेश के बाहर होटल और धर्मशालाओं में ठहरने में कठिनाई होती थी, किराये पर मकान देने में भी लोगों को संकोच होता था। उन्होंने कहा कि यह स्थिति किसी प्राकृतिक कारण से नहीं बल्कि पूर्ववर्ती सरकारों की गलत नीतियों और अपराधियों को संरक्षण देने का परिणाम थी, पूर्ववर्ती सरकारों ने केवल मैनपुरी ही नहीं बल्कि पूरे उ.प्र. की पहचान पर प्रश्नचिह्न लगा दिया था, युवाओं की नौकरियां छीनी गईं, किसानों की खुशहाली प्रभावित हुई, व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल बना और बेटियों की सुरक्षा संकट में पड़ गई, उ.प्र. को बीमारू राज्य की श्रेणी में पहुंचा दिया गया जबकि यह देश का सबसे बड़ा राज्य होने के साथ प्रकृति और परमात्मा की विशेष कृपा प्राप्त प्रदेश है। उन्होने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिना किसी भेदभाव के गरीब, किसान, महिला और युवा इन चारों वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की नीतियों ने पिछले 09 वर्षों में प्रदेश की तस्वीर बदल दी है, आज यदि मैनपुरी का कोई युवा, किसान या व्यापारी देश के किसी भी हिस्से में अपना परिचय देता है तो उसे सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि राजस्व अधिशेष वाला राज्य बन चुका है तथा देश की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बना रहा है। उन्होंने कहा कि एक जनपद-एक उत्पाद योजना के माध्यम से मैनपुरी की प्रसिद्ध तारकशी कला को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है, इससे स्थानीय कारीगरों को सम्मान, रोजगार और नए बाजार उपलब्ध हुए हैं, सरकार का उद्देश्य प्रत्येक जिले की पारंपरिक कला और उद्योग को आर्थिक समृद्धि का आधार बनाना है।

# गुरु जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर कल्याण का मार्ग दिखता है- स्वामी सत्यानंद

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।

अखिल भारतीय सौहम्‌ महामंडल के गुरु पूजा महोत्सव कार्यक्रम के दौरान स्वामी सत्यानंद महाराज ने कहा कि मानव जीवन में जन्म देने वाले माता-पिता का देवतुल स्थान है तो वहीं गुरु के द्वारा उनकी आत्मा को जागृत कर ज्ञान प्रदान करके उनका कल्याण किया जाता है।

सोहम आश्रम जैननगर में रविवार को आयोजित गुरु पूजा महोत्सव मैं अपने आशीर्वचन के के साथ स्वामी सत्यानंद महाराज ने कहा - गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वरा, अर्थात गुरु मे ब्रह्मा विष्णु महेश देवताओं के स्वरूप के दर्शन होते हैं गुरु की महिमा अपार है गुरु अपने शिष्य को ज्ञान के माध्यम से मार्गदर्शन करते हुए उसे मोक्ष कल्याण की प्राप्ति करता है? गुरु का शाब्दिक अर्थ है जो जीवन के अज्ञान रुपी अंधकार दूर करते हुए जीवन के मोक्ष का सही मार्गदर्शन प्रदान करें। गुरु की कृपा से भक्ति के कष्टो का निदान होता है। गुरु के



मार्गदर्शन के बिना भक्ति इस भवसागर से पार नहीं हो पता है- गुरू बिनु भव निधि तरह न कोई, जो विरंची शंकर सम होई।महाराज ने सभी लोग गुरु जनों की? सेवाके साथ अपने पूज्य माता-पिता का सम्मान करे जीवन में छल कपट से दूर रहकर परिवार के साथ भी प्रेम व्यवहार से रहे । इसी प्रेम में सभी का का कल्याण निहित है।आगामी वार्षिक भागवत कथा एवं संत सम्मेलन कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए संस्था के परमाध्यक्ष स्वामी सत्यानंद महाराज ने बताया इस वार 24 दिसंबर 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक कार्यक्रम संपन्न होगा।

कार्यक्रम में स्वामी प्रीतम दास महाराज प्रणवानंद महाराज अनंतानंद महाराज आदि संतो के अलावा संस्था के चंद्र प्रकाश शर्मा,द्विजेन्द्र मोहन शर्मा सम्मन सिंह यादव, सर्वेश दीक्षित शिवनारायण यादव, राजेश गुप्ता , संजय अग्रवाल, मातादीन यादव, महेश यादव सोमेश यादव, जगदीश यादव,मनोहर लाल,अनुग्रह गोपाल सियाराम तार बाबू, गोपाल बिहारी, महेंद्र अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# बेखौफ दौड़ रहे 'ढकी नंबर प्लेट' वाले डंपर

### तीन राज्यों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल, चेकिंग में लगता जाम

**खेरागढ़।** मध्य प्रदेश और राजस्थान से उत्तर प्रदेश की सीमा में प्रवेश करने वाले अवैध खनन से जुड़े भारी वाहनों की आवाजाही एक बार फिर चर्चा में है। कई डंपरों की नंबर प्लेट कपड़े से ढकी होने या पढ़ने योग्य नहीं होने के बावजूद वे बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि तीन राज्यों की पुलिस, परिवहन (आरटीओ) और खनन विभाग की निगरानी के बावजूद ये वाहन सीमा कैसे पार कर रहे हैं? हाल ही में खेरागढ़ क्षेत्र में हुई सघन चेकिंग के दौरान नबाब बसई रोड पर राजस्थान सीमा में तीन किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। कार्रवाई के दौरान कई वाहनों की जांच हुई, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि सामान्य दिनों में ऐसे डंपर बिना किसी रोक-टोक के निकल जाते हैं। इससे निगरानी व्यवस्था की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं। बिना स्पष्ट नंबर प्लेट वाले वाहन मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करते हैं।

# श्री रामलीला का शुभारंभ 6 अक्टूबर को

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

श्री रामलीला कमेटी की बैठक रविवार को नगर के आगरा रोड स्थित रामलीला मंच में हुई। जिसमें इस वर्ष भगवान श्रीराम की लीलाओं के आयोजन को भव्य बनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में आय-व्यय का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया। रामलीला का शुभारंभ 6 अक्टूबर से होगा। बैठक में कमेटी के संरक्षक आलोक गुप्ता को भाजपा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मानित किया गया।

बैठक में कमेटी के अध्यक्ष महेशचन्द्र अग्निहोत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम चंद्र जी का जीवन अनुकरणीय है। इस वर्ष श्री रामलीला को अधिक भव्य और दिव्य बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 अक्टूबर को भगवान गणेश पूजन, पृथ्वी पूजन और मुकुट पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ होगा।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने बताया कि 8 अक्टूबर को महादेव जी की बरात और 13 अक्टूबर को भगवान श्रीरामचंद्र जी की भव्य बरात निकलेगी। मंत्री सुरेशचंद्र बंसल बीनू ने बताया कि 14 अक्टूबर को जनकपुरी महोत्सव, 21 अक्टूबर को रावणादि वध और दशहरा मेला, 22 अक्टूबर को बड़ा चौराहा पर भरत मिलाप होगा।



कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता पप्पू ने बताया कि 23 अक्टूबर को श्रीराम राज्याभिषेक होगा और 24 अक्टूबर को राम यज्ञ के साथ रामलीला का विश्राम होगा। उन्होंने कहा कि इस बार राम बरात को गत वर्षों की अपेक्षा अधिक भव्यता के साथ निकाला जाएगा। कमेटी के पदाधिकारियों ने नगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक गुप्ता ने रामलीला मैदान के लिए सीसी सड़क निर्माण की मांग की, इस पर उन्होंने जल्द निर्माण का आश्वासन दिया।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में पंडित शील नामाचार्य, अनिल अग्रवाल, सुनील वर्मा लालू, कुंवर सिंह भदौरिया, अजय गुप्ता, आदित्य जैन, अमरनाथ भारद्वाज, हरी बाबू गुप्ता, वैद्य संजीव मिश्रा, मनोज चतुर्वेदी, उत्तम गुप्ता, अजय गुप्ता बंटी, नरेंद्र राठौर बाबा जी, कन्हैया लाल धूसिया, केके मिश्रा, लक्ष्मीनारायण तापड़िया, मनीष तापड़िया, रोहित गोयल, दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# प्रभु पार्क के अधूरे सौंदर्यीकरण को शीघ्र कराया जाए पूर्ण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल एवं रामलीला कमेटी ने उठाई मांग
- डीएम से जनहित में शीघ्र कार्य पूर्ण कराने का किया अनुरोध

शहर के प्रभु पार्क का सौन्दर्यकरण का कर काफी समय से अधूरा पड़ा है,उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ,रामलीला कमेटी के एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने डीएम से अधूरे पड़े सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है।

व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने कहा कि प्रभु पार्क नगर का प्रमुख एवं एकमात्र सार्वजनिक पार्क है, जहाँ प्रतिदिन हजारों की संख्या में नागरिक प्रातः एवं सायंकाल भ्रमण के लिए आते हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पार्क परिसर स्थित धार्मिक स्थलों के दर्शन हेतु भी पहुँचते हैं।

पार्क का सौंदर्यीकरण कार्य लंबे समय से अधूरा होने के कारण आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

नगर अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल सर्राफ ने बताया कि लगभग 1.75 करोड़ रू. की लागत से प्रभु पार्क के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया था, जिसे लगभग एक वर्ष पूर्ण होने को है, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य अधूरा है। उन्होंने कहा कि पार्क में स्थित प्राचीन तुलसी उद्यान, जो नगर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान था, उसे विकास कार्य के दौरान हटाया गया, किंतु उसके स्थान पर अब तक नया उद्यान विकसित नहीं किया गया। उन्होंने प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की।

रामलीला कमेटी के अध्यक्ष गोपाल मराठा एवं निवर्तमान अध्यक्ष संजय धूपड ने कहा कि रक्षाबंधन, रामनवमी, दशहरा तथा श्रीरामलीला महोत्सव जैसे प्रमुख धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रभु पार्क एवं तुलसी उद्यान परिसर के बाहर प्रतिवर्ष विशाल मेले का आयोजन होता है। त्योहार निकट होने के बावजूद पार्क का निर्माण कार्य अधूरा होना चिंता का विषय है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

सौंदर्यीकरण की मांग करने वालों में अशोक अग्रवाल, सत्यनारायण बिड़ला, योगेश गौड़, अनिल पुंढीर, अमरीश वशिष्ठ, संजय महेश्वरी, कबीर प्रताप सिंह चौहान, अंकिश अग्रवाल, कौशल साहू, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, संभव जैन, दिनेश गर्ग, अनिल महेश्वरी, डॉ. विकास गुप्ता, गोपाल माहेश्वरी, मनोज अग्रवाल, मनोज सिंघल, दीपक गुप्ता, राकेश साहू, मिंकी अग्रवाल, राजवीर सोलंकी, मयंक बिड़ला,अनिल अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, वैभव बिड़ला, पूर्ण सिंह राणा,तपन बिड़ला,गौरव वर्मा,कार्तिकेय बिड़ला सहित नगर के अनेक व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं धर्मप्रेमी लोग हैं।

## माटीकला जागरूकता कार्यक्रम कल 28 को, मारहरा के ग्राम धरपसी में होगा आयोजन

**एटा।** ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं ग्रामीण कुम्हार समुदाय तथा इच्छुक युवाओं को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से माटीकला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 28 जुलाई को दोपहर 12 बजे ग्राम धरपसी विकास खंड मारहरा में किया जाएगा।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता तथा स्वरोजगार से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तार से दी जाएंगी। साथ ही प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाएगा। जिससे वे योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।

उन्होंने क्षेत्र के कुम्हार समुदाय, स्वयं सहायता समूहों, युवाओं तथा माटीकला कार्य से जुड़े सभी इच्छुक व्यक्तियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर माटीकला बोर्ड की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार को बढ़ावा दें।

# सीनियर सिटीजन वृद्धजन एवं विधवा विधुर जन का सामूहिक विचारसमागम

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।



आर्य समाज मुरसान द्वार पर प्रति रविवार को होने वाले सीनियर सिटीजन एवं वृद्धजन एवं विधवा विधुर बन्धुओं का साप्ताहिक समागम सम्मान समारोह आज दिनांक 26 जुलाई 2026 को बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया,, प्रभु धाम गमन जीवनसाथी अब वह संग नहीं वृद्धावस्था में जीवन का अब वह रंग नहीं जवानी वापस नहीं आती बुढ़ापे की जिंदगी कट नहीं पाती काश हम कुछ कर पाते,, इसी प्रेरणा स्रोत के वाक्य के साथ उक्त कार्यक्रम आचार्य श्री दिनेश अग्निहोत्री पुरोहित जी के सानिध्य में वैदिक हवन प्रवचन भजन उपदेश के माध्यम से बहुत ही सुंदर भक्त हृदय स्पर्शी कार्यक्रम का शुभारंभ आर्य समाज मुरसान द्वार में प्रधान सी राजकुमार गुप्ता आर्य की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ जिसका संचालन मंत्री राजीव आर्य ने सुचारू पूर्वक किया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी श्री पुरुषोत्तम राठी एवं फैम जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि अनिल अग्रवाल सेवा भारती थे आर्य पदम वर्मा आचार्य दिनेश अग्निहोत्री राजकुमार गुप्ता राजीव आर्य सुरेश अग्रवाल द्वारा द्वारा सामाजिक संदेश उपदेश एवं प्रवचन व्यक्त किये पुरोहित दिनेश जी अग्निहोत्री द्वारा सभी आर्य बन्धुओं सामान्यतः वृद्धजन एवंविधवा विधुर जन से अनुरोध किया कार्यक्रम में प्रत्येक रविवार को आने का अनुरोध करते हुए कहा कार्यक्रम भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार बच्चों में संस्कार नियुक्त श्रेष्ठ भावनाओं का विकास हो सके एवं भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को बढ़ाने हेतु समाज में संगठित होना अति आवश्यक है क्योंकि पश्चिमी सभ्यता हमारे समाज पर बड़ी तेजी से हावी हो रही है अपने उद्बोधन में उन्होंने अपने पूर्वजों ऋषि मुनियों के बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया कार्यक्रम में मुख्य व्यवस्थापक आर्य दिनेश कुलश्रेष्ठ आचार्य बनवारी लाल गोस्वामी श्रीमतीमंजू आर्य आर्य रवि कुलश्रेष्ठ आयुष आर्य भीकचंद वाष्णैय सुनील वाष्णैय गोपाल अग्निहोत्री वीरपाल कर्णावत संजीव अग्रवाल बॉबी लाला मनोज आर्या तुलाराम सुमन संजीव सिन्हा आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया प्रमुख उद्योगपति समाजसेवी श्री कृष्ण अरोड़ा (काका बाबूजी) ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया

# प्राथमिक विद्यालय के लेंटर का प्लास्टर गिरा, पांच विद्यार्थी घायल

**स्वास्थ्य केंद्र से उपचार के बाद घायल विद्यार्थियों को देदी गई छुट्टी**

- ग्रामीणों ने जताया आक्रोश, जर्जर भवन दुरुस्त कराने की मांग

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



सोरों कोतवाली के गांव भीलोर के प्राथमिक विद्यालय के कमरे के छत का प्लास्टर गिर गया जिससे क्लास में बैठे विद्यार्थियों में से पांच विद्यार्थी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के बाद स्वास्थ्य केंद्र से छुट्टी देदी गई है।

घटना शनिवार दोपहर की है पंचायत कादरवाड़ी के गांव भीलोर के प्राथमिक विद्यालय में दोपहर लगभग 12बजे विद्यार्थी पढ़ रहे थे तभी एक कक्ष के लेंटर का प्लास्टर छुटकर गिर पड़ा लेंटर का मलवा क्लास रूम में बैठे बच्चों पर गिरा जिससे अबधेश, इरशाद, मुकेश लाखन, इमरान घायल हो गए घटना की जानकारी पर क्षेत्रीय चौकी पुलिस और लेखपाल मौके पर पहुंच गए, चोटेल हुए विद्यार्थियों को सोरों स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उपचार के बाद सभी को छुट्टी देदी गई।

**ग्रामीणों ने घटना पर व्यक्त किया आक्रोश।**

ग्रामीण नरोत्तम एवं होरीलाल का कहना था कि भवन की छत जर्जर है, कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है प्रशासन और शिक्षा विभाग को घटना भले छोटी हो पर गंभीरता से लेनी चाहिए शीघ्र ही भवन की मरम्मत होनी चाहिए।

शिक्षा विभाग के अधिकारी के मौके पर न पहुंचने पर भी ग्रामीण आक्रोशित थे।

## लक्की फाउंडेशन श्रावण मास में लगाएगा नि:शुल्क सेवा शिविर

**शिकोहाबाद।** सामाजिक संस्था लक्की फाउंडेशन अतुर्रा द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी पवित्र माह श्रावण मास में कांवड़ियों एवं शिव भक्तों की सुविधा के लिए नि:शुल्क सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। फाउंडेशन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 3 अगस्त से सावन सोमवार की शुरूआत हो रही है। इस अवसर पर जिला कासगंज से जनपद फिरोजाबाद के विभिन्न स्थानों से होते हुए जिला आगरा के बटेश्वर धाम जाने वाली कांवड़ यात्रा मार्गों पर नि:शुल्क सेवा शिविर स्थापित किए जाएंगे। इन शिविरों में श्रद्धालुओं के लिए जलपान, स्वास्थ्य सेवा और विश्राम की समुचित व्यवस्था रहेगी। लक्की फाउंडेशन के अध्यक्ष ने सामाजिक सरोकार और नर सेवा को नारायण सेवा मानते हुए क्षेत्र के युवाओं व इच्छुक नागरिकों से इस पुण्य कार्य में सहयोग की अपील की है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोरों में की छापामार कार्रवाई

- मिष्ठान विक्रेता के यह से लिए मिठाई, खोआ मावा के नमूने
- लिए गए नमूने जांच के लिये भेजे गए प्रयोगशाला

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।



कावड यात्रा के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में मिलावट खोरी के विरुद्ध अभियान चलाया गया। एक मिष्ठान विक्रेता के यहां से मिठाई खोआ मावा के नमूने लिए गए जिन्हें जाँच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

विभाग की कार्यवाही से खाद्य पदार्थ विक्रेताओं ने हड़कंप मचा है।

विभाग द्वारा तीर्थ नगरी में ओम स्वीट्स के यहां सबसे पहले कार्यवाही की गई कार्रवाई की खबर जैसे ही तीर्थ नगरी ने फैली वेसे ही मिष्ठान एवं अन्य खाद्य सामिग्री बेचने बालों में हड़कंप मच गया तमाम दुकानदार दुकानें बंद कर भाग गए टीम ने एक मिष्ठान विक्रेता के यहां से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए साथ ही दुकान स्वामी का स्वच्छता एवं गुणवत्ता बनाए रखने का सुझाव दिया साथ केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करने की चेतावनी दी। लिए गए नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# हर दस्तक पर बेटे की आहट तलाश रही मां, 12 दिन से लापता है 12 वर्षीय नितेश

**थाना मिरहची के गांव भोजपुर से 15 जुलाई से लापता है नितेश**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- गाँव का ही एक लड़का अपने फूफा के साथ रोडवेज बस से ले गया था नोएडा

घर के बाहर बिछी चारपाई पर बैठे पिता वैजनाथ की निगाहें हर गुजरते रास्ते पर टिक जाती हैं। आंगन में बैठी मां बार-बार दरवाजे की ओर देखती है। कोई बाइक रुकती है तो वह दौड़ पड़ती है, लेकिन हर बार मायूसी ही हाथ लगती है।

थाना मिरहची के गांव भोजपुर से 15 जुलाई से लापता 12 वर्षीय नितेश का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। बेटे के इंतजार में पूरा परिवार टूट चुका है और गांव के लोग भी उसकी सकुशल वापसी की दुआ कर रहे हैं, परिजनों के मुताबिक, 15 जुलाई को गांव का ही एक लड़का नितेश को घर से बुलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि वह पहले उसे एटा लेकर आया और फिर अपने रिश्ते के फूफा के साथ बस में बैठाकर नोएडा भेज दिया।

जब देर रात तक नितेश घर नहीं पहुंचा तो परिवार ने युवक से पूछताछ की। पहले उसने बताया कि बच्चा उसके फूफा के साथ नोएडा गया है। इसके बाद जब परिजनों ने फूफा से बात की तो उन्होंने कहा कि नितेश उनके साथ बस से नोएडा तो आया था, लेकिन सेक्टर-37 पर उतर गया और उसके बाद वह उनके साथ नहीं रहा।

**नितेश की कहानी बनी रहस्य**

आखिर 12 साल का बच्चा अकेले नॉएडा सेक्टर-37 पर क्यों उतरा? उसके बाद वह कहां गया? किसके साथ गया? इन सवालों का जवाब अभी तक किसी के पास नहीं है। उसकी गुमशुदगी की यह कहानी एक रहस्य बन गई है। परिवार ने अपने स्तर से रिश्तेदारों, परिचितों और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन हर कोशिश नाकाम रही। बेटे की याद में मां की आंखों से आंसू नहीं रुक रहे। पिता वैजनाथ कहते हैं, बस मेरा बेटा मिल जाए।

**क्या कहते हैं परिजन**

परिजनों का कहना है कि बेटे के लापता होने के बाद से घर में न ठीक से खाना बन रहा है और न किसी की आंखों में नींद है। हर बीतता दिन परिवार के लिए किसी पहाड़ से कम नहीं है।

नितेश के पिता वैजनाथ ने बताया कि उन्होंने थाना मिरहची में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अब तक बेटे का कोई पता नहीं चल सका है।

**जांच में जुटी पुलिस जोड़ रही कड़ियाँ**

थाना प्रभारी राठी ने बताया कि जांच में यह बात सामने आई है कि बच्चा नोएडा सेक्टर-37 पर उतरा था। इसके आगे की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं और पुलिस लगातार जांच कर रही है।

# जनता दरबार में गूंजी गांवों की आवाज, विधायक ने अफसरों को लगाई फटकार

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगंज।

- जलभराव, बिजली, पेंशन और आवास योजना की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश

क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौड़ ने रविवार को अपने आवास पर जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने गांवों में जलभराव, बिजली आपूर्ति की अव्यवस्था, वृद्धावस्था पेंशन, आवास योजना, खराब सड़कों तथा अन्य जनसमस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभागों से शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जनता दरबार के दौरान विधायक सत्यपाल सिंह राठौड़ ने एक-एक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर संपर्क कर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनता दरबार में विशेष रूप से किसानों ने सिंचाई, विद्युत आपूर्ति और खेतों में जलभराव की समस्या उठाई, जबकि ग्रामीणों ने वृद्धावस्था पेंशन, आवास योजना के लाभ से वंचित पात्र परिवारों और गांवों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। विधायक ने सभी शिकायतों का विवरण संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है।

## कांग्रेस के नवनिर्मित जिला कार्यालय का कांग्रेस के सचिव एवं प्रदेश के सह प्रभारी तौकीर आलम ने फीता काटकर उद्घाटन किया '

**फिरोजाबाद।** कांग्रेस के नवनिर्मित जिला कार्यालय " मिलन स्थली " मोढ़ा चौराहा फिरोजाबाद का अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव एवं प्रदेश के सह प्रभारी तौकीर आलम ने फीता काटकर किया उद्घाटन' इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव तोकीर आलम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश और देशवासियों के लिए समर्पित होकर सेवाभाव से काम किया है इसके लिए चाहे कितनी ही बड़ी कुबार्नी क्यों ना देनी पड़ी हो पार्टी कभी पीछे नहीं हटी है आज भी जननायक राहुल गांधी युवाओं, छात्रों , बेरोजगारों, दलितों , शोषितों , पीड़ितो के लिए रात दिन संघर्ष कर रहे हैं खून पसीना बहा रहे हैं परंतु उनका मकसद साफ है कि जब तक नफरत फैला कर देश को तोड़ने वाली भाजपा की विदाई नहीं हो जाती चैन से नहीं बैठेंगे '

इस अवसर पर वरिष्ठनेता हाजी सईद पटेल , पूर्व जिलाध्यक्ष धर्म सिंह यादव एड , महानगरध्यक्ष शफात खान राजू , पीसीसी हाजी नसीर अहमद , शैलेंद्र शुक्ला , संदीप कुमार , ओमवीर सिंह यादव , अजय यादव , शांति दास शंखवार , योगेश कुमार उर्फ वीटू यादव , अनिल यादव , सगीर कुरैशी , डॉ बी एस गौतम , संजय यादव , मो उमर फारूक , विराट दिवाकर आदि।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस: पंजीकरण में शिथिलता बरतने पर होगी कार्रवाई

**प्रत्येक विद्यालय से पांच विद्यार्थियों का पंजीकरण जरूरी**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद के समस्त प्रधानाचार्यों को जारी किए कड़े निर्देश

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेसके सफल आयोजन को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जिले के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। डीआईओएस ने स्पष्ट किया है कि कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए सभी विद्यालयों को सक्रिय सहभागिता निभानी होगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक रजनेश कुमार ने कहा है कि सभी प्रधानाचार्यों को अपने विद्यालय से अनिवार्य रूप से कम से कम पांच विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला समन्वयक विज्ञान क्लब एवं एनसीएससी डॉ जयंत गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 10 से 17 आयु वर्ग के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।

आदेश के मुताबिक विद्यालय स्तर के कार्यक्रम पूरे हो चुके हैं, और ब्लॉक स्तर के आयोजनों की समय सीमा 16 जुलाई से अगस्त तक निर्धारित है।

इसके बाद सितंबर से अक्टूबर के मध्य जिला स्तर और नवंबर से दिसंबर के बीच राज्य स्तर के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीकरण आधिकारिक पोर्टल से किया जाना है। अधिक जानकारी या किसी भी समस्या के समाधान के लिए सह समन्वयक अभिषेक पाण्डेय से संपर्क कर सकते हैं।

# नाली में मिला डेढ़ फुट का मगरमच्छ का शावक, रेस्क्यू का वीडियो आया सामने

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- नयागांव थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर में मचा हड़कंप वन विभाग ने सुरक्षित
- रेस्क्यू कर काली नदी में छोड़ा

नयागांव थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर में शनिवार को एक नाली में करीब डेढ़ फुट लंबा मगरमच्छ का शावक मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। नाली में मगरमच्छ का शावक होने की सूचना फैलते ही मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। इस दौरान पूरे रेस्क्यू अभियान का वीडियो भी सामने आया है, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

ग्रामीण की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम

ग्रामीण विमल राठौर ने मामले की सूचना तत्काल वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम में धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, सचिन और उजीर सिंह शामिल रहे। वन कर्मियों ने सावधानी और सतर्कता के साथ मगरमच्छ के शावक का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया।

**प्राकृतिक आवास काली नदी में छोड़ा गया शावक**

रेस्क्यू के बाद वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ के शावक को उसके प्राकृतिक आवास काली नदी में सुरक्षित छोड़ दिया। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

**वन विभाग की अपील**

वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि बरसात के मौसम में नदी, नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों में मगरमच्छ सहित अन्य वन्यजीव दिखाई दे सकते हैं। ऐसी स्थिति में घबराने या वन्यजीव को पकड़ने का प्रयास न करें। तुरंत वन विभाग को सूचना दें, ताकि सुरक्षित रेस्क्यू कर वन्यजीव को उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जा सके।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस अलर्ट, दो दर्जन वालंटियर बनाए

**वॉलेंटियर्स को हर गांव की कांवड़ यात्रा की देनी होगी सूचना**

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, शिकोहाबाद।

कुछ दिनों बाद शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना जसराना परिसर में रविवार को शांति समिति एवं वालंटियरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी प्रेम प्रकाश पांडे एवं थाना प्रभारी भगवंत सिंह गुर्जर ने की। इसमें क्षेत्र के व्यापारी, ग्राम प्रधान, चौकीदार, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन का सहयोग करने के लिए दो दर्जन से अधिक वालंटियर नियुक्त किए गए। सभी वालंटियरों को पहचान पत्र (आईडी कार्ड) उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें।

इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रेमप्रकाश पांडे ने निर्देश दिए कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव से निकलने वाली कांवड़ यात्रा की सूचना पूर्व में थाना जसराना को उपलब्ध कराई जाए, ताकि सुरक्षा एवं यातायात की समुचित व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि एटा-शिकोहाबाद मार्ग पर सिरोला-जसराना बॉर्डर से लेकर शिकोहाबाद सीमा तक पुलिस बल के साथ वालंटियर भी तैनात रहेंगे और कांवड़ियों की सहायता के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंगे। थाना प्रभारी भगवंत सिंह गुर्जर ने वालंटियरों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अप्रिय स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# भारत ने जिम्बाब्वे का किया सूपड़ा साफ, तीसरे टी20 में किया दमदार प्रदर्शन

एजेंसी, हरारे।

भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे को तीसरे टी20 मैच में 35 रनों से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 157 रन ही बना सकी। भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत की यह पहली टी20 सीरीज जीत है। इससे पहले टीम इंडिया को उनकी कप्तानी में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।



## जिम्बाब्वे पर हावी रहे भारतीय गेंदबाज

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम को धीमी पिच पर बेहद संयमित बल्लेबाजी की जरूरत थी, लेकिन उसके बल्लेबाज ऐसा नहीं कर सके। पिछले मैचों की तरह इस मुकाबले में भी जिम्बाब्वे ने शुरूआती ओवरों में कई विकेट गंवा दिए और पावरप्ले का फायदा उठाने में नाकाम रही। तेज गेंदबाज यश ठाकुर ने चौथे ओवर में लगातार दो गेंदों पर डियोन मायर्स और कप्तान सिकंदर रजा को आउट कर मेजबान टीम का स्कोर तीन विकेट पर 34 रन कर दिया। हालांकि भारतीय खिलाड़ियों ने खराब फील्डिंग करते हुए चार कैच छोड़े और कुछ बाउंड्री भी दीं। बर्ल ने भरोसेमंद पारी खेली और पांचवें विकेट के लिए वेस्ले माधेवेरे के साथ 60 रन की अच्छी साझेदारी की। जिम्बाब्वे के खिलाड़ियों ने मैदान के चारों ओर कुछ जोरदार शॉट खेले, लेकिन शुरूआती नुकसान की भरपाई करना मुश्किल था।

### जिम्बाब्वे के लिए बर्ल का पचासा

लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही, लेकिन रेयान बर्ल ने दमदार प्रदर्शन किया और अर्धशतक लगाया। हालांकि, उनका अर्धशतक भी टीम को जीत नहीं दिला सका। बर्ल 43 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 54 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, वेस्ले माधेवेरे ने 28 और बेन करन ने 20 रन बनाए। भारत की ओर से मयंक यादव ने तीन विकेट लिए, जबकि यश ठाकुर को दो सफलता मिली। अशोक शर्मा और रवि बिश्नोई ने एक-एक विकेट लिया।

### वैभव सूर्यवंशी का दमदार प्रदर्शन

इससे पहले, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। सूर्यवंशी ने धीमी शुरूआत करते हुए पहली 10 गेंदों पर सिर्फ 11 रन बनाए। फिर अगली 10 गेंदों पर 15 रन और आखिरकार उन्होंने 31 गेंद में अपना दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक पूरा किया। उम्मीद के अनुरूप सूर्यवंशी की पारी में कुछ शानदार शॉट्स भी देखने को मिले। दूसरी ओर उनके सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा लगातार छठी बार खराब स्कोर पर आउट हो गए। लेकिन सूर्यवंशी ने काफी परिपक्वता दिखाई और दूसरे विकेट के लिए ईशान किशन (29) के साथ 75 रन की साझेदारी की। उसके बाद उन्होंने अगले विकेट के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर (27) के साथ 50 रन की साझेदारी की। हालांकि सूर्यवंशी शतक के करीब पहुंचकर आउट हो गए।

भारत की पारी में ईशान किशन ने 29, कप्तान श्रेयस अय्यर ने 27 और रिंकू सिंह ने 25 रनों का योगदान दिया। वहीं, तिलक वर्मा 11 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के लिए ब्रैड इवांस ने दो विकेट लिए, जबकि सिकंदर रजा, ब्लेसिंग मुजरबानी और वेस्ले माधेवेरे ने एक-एक विकेट लिए।

## प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज चुने जाने से अभिभूत हुए वैभव

**हरारे।** प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज चुने जाने के बाद भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा पल बताया और टीम प्रबंधन का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने उन्हें हमेशा अपना स्वाभाविक टी20 खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। सूर्यवंशी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में तीन पारियों में 151 रन बनाए और 50.33 की औसत से रन जुटाए। पहले टी20 मुकाबले में बाएं हाथ के बल्लेबाज ने मात्र 19 गेंदों में तूफानी अर्धशतक जड़ा था, जबकि तीसरे मैच में उन्होंने संयमित बल्लेबाजी करते हुए 49 गेंदों में 81 रन बनाए और भारत को जिम्बाब्वे पर 3-0 से क्लीन स्वीप दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### कोच, कप्तान और टीम के लिए क्या बोले वैभव?

मैच के बाद सूर्यवंशी ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। यह मेरे लिए सपना सच होने जैसा है। पहला प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार मिला है। यहां मेरी तैयारी भी काफी अच्छी रही। कोच, कप्तान और पूरी टीम ने मेरा पूरा साथ दिया। मैंने अपना स्वाभाविक टी20 खेल खेलने की कोशिश की। मेरा प्रयास टीम को अच्छी शुरूआत दिलाने का रहता है और अगर शुरूआत अच्छी मिले तो बड़ी पारी खेलने की कोशिश करता हूं। मैं यहां अंडर-19 विश्व कप भी खेल चुका हूं और मुझे यहां बल्लेबाजी करना अच्छा लगता है। अभ्यास में जो करता हूं, वही मैच में दोहराने की कोशिश करता हूं।

# ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने पर चानू को मिल रही बधाइयां, राष्ट्रपति और पीएम ने सराहा



एजेंसी, नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि चानू ने भारतीय भारोत्तोलन के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। प्रधानमंत्री ने पुरुष भारोत्तोलक ऋषिकांता सिंह को भी रजत पदक जीतने पर शुभकामनाएं दीं।

## मीराबाई ने लगातार तीसरी बार स्वर्ण जीता


मीराबाई ने महिलाओं के 48 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर साबित कर दिया कि भारतीय भारोत्तोलन में उनका दबदबा बरकरार है। ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई ने स्नैच में राष्ट्रमंडल और राष्ट्रमंडल खेलों के रिकॉर्ड तोड़े, जबकि क्लीन एंव जर्क और कुल वजन में भी नए खेल रिकॉर्ड स्थापित कर भारतीय भारोत्तोलन की महानतम खिलाड़ियों में अपनी पहचान और मजबूत कर ली। मीराबाई चानू ने राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता है। राष्ट्रपति ने चानू को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में महिलाओं के 48 किलोग्राम भारोत्तोलन इवेंट में भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीतने पर मीराबाई चानू को हार्दिक बधाई। कॉमनवेल्थ गेम्स में लगातार गोल्ड मेडल जीतकर उन्होंने अद्भुत साहस, दृढ़ संकल्प और बेहतरीन प्रदर्शन का परिचय दिया है। उनकी यह शानदार उपलब्धि देश भर के युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करती है। मैं उनके भविष्य के प्रयासों में उनकी निरंतर सफलता की कामना करती हूं।

### पीएम मोदी ने बताया गौरवशाली अध्याय


प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारतीय भारोत्तोलन के इतिहास में एक और गौरवशाली अध्याय! प्रतिभाशाली मीराबाई चानू ने 48 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता। लगातार राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक और कुल मिलाकर चौथा राष्ट्रमंडल पदक जीतने वाली मीराबाई देश के हर नागरिक के लिए प्रेरणा हैं। उन्हें हार्दिक बधाई। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।

### रक्षा मंत्री और खेल मंत्री ने भी दी बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी मीराबाई को बधाई देते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक स्वर्ण वर्षों की अथक मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने एक्स पर लिखा, ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक जीतने पर मीराबाई चानू को हार्दिक बधाई। उनका अटूट संकल्प और उत्कृष्टता हासिल करने का निरंतर प्रयास देश के लिए गौरव का विषय है। यह शानदार उपलब्धि धैर्य, समर्पण और कठिन परिश्रम की उस भावना को दर्शाती है जो देश के लाखों युवाओं को प्रेरित करती है। मैं उनके उज्ज्वल भविष्य और आने वाले वर्षों में और अधिक सफलताओं की कामना करता हूं। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी मीराबाई की लगातार तीसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने की उपलब्धि की सराहना की। मीराबाई ने इससे पहले 2018, 2022 और अब 2026 में भी स्वर्ण पदक जीतकर दुर्लभ स्वर्णिम हैट्रिक पूरी की है। मांडविया ने लिखा, स्वर्ण पदकों की हैट्रिक। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर मीराबाई चानू को हार्दिक बधाई।



# मनोरंजन



# 'वाराणसी' की शूटिंग के लिए हैदराबाद पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा!

एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए परिवार का एक वीडियो सामने आया है, जिसे एक पैपराजी पेज ने शेयर किया है। वीडियो में प्रियंका चोपड़ा, पति-सिंगर निक जोनस और बेटी मालती मैरी भी नजर आ रहीं हैं।

### क्यों भारत लौटीं प्रियंका?

44 साल की प्रियंका ने यह नहीं बताया कि वह शहर क्यों आई हैं, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक वह एसएस राजामौली की फिल्म ह्यवाराणसीह्न की शूटिंग जारी रखने के लिए लौटी हैं। इस फिल्म में महेश बाबू लीड रोल में हैं और प्रियंका भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म 7 अप्रैल 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### काफी सिंपल लुक में नजर आईं एक्ट्रेस

एयरपोर्ट लुक में प्रियंका काफी सिंपल और कम्फर्टेबल नजर आईं। उन्होंने डार्क ब्राउन को-ऑर्ड सेट पहना था, जिसमें ऑफ-शोल्डर टॉप था। इसके साथ उन्होंने बेज कैप, ब्लैक सनग्लासेस और ब्राउन फ्लैट्स पहने थे।

वहीं निक जोनस ऑल-ब्लैक आउटफिट में दिखे। उन्होंने ब्लैक शर्ट और ट्राउजर के साथ व्हाइट-एंड-ब्लैक चेकर्ड स्नीकर्स और सनग्लासेस पहने थे। वह अपनी बेटी मालती मैरी को गोद में लिए हुए नजर आए।

### 'वाराणसी' से भारत में वापसी

फिल्म 'वाराणसी' के जरिए प्रियंका भारतीय भाषा की फिल्मों में वापसी कर रही हैं। वह आखिरी बार साल 2019 में फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में नजर आई थीं।

इस महीने की शुरूआत में, मेकर्स ने प्रियंका के जन्मदिन पर फिल्म से उनका फर्स्ट लुक जारी किया था, जिसमें वह 'मंदाकिनी' के किरदार में नजर आईं। पोस्टर में प्रियंका ब्लैक आउटफिट में गन पकड़े हुए और इंटेंस लुक में दिखीं।

फिल्म का ऑफिशियल टाइटल पहली बार 15 नवंबर 2025 को हैदराबाद में हुए ग्लोबट्रॉटर इवेंट में अनाउंस किया गया था। उस समय फिल्म की शुरूआती झलक सिर्फ वहां मौजूद लोगों को दिखाई गई थी। बाद में 18 जुलाई को प्रियंका के जन्मदिन पर इसका पहला ग्लिम्प्स दुनियाभर में रिलीज किया गया।





# काशी पहुंचकर भावुक हुईं निवेथा पेथुराज, बोलीं- कुछ जगहें सिर्फ मंजिल नहीं, भगवान से बातचीत का एहसास देती हैं

साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री निवेथा पेथुराज इन दिनों अपनी आध्यात्मिक यात्रा को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेत्री ने रविवार को वाराणसी स्थित काशी की अपनी यात्रा की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर साझा कीं और एक भावुक पोस्ट लिखा। उन्होंने कहा कि कुछ जगह सिर्फ घूमने की जगह नहीं होती, बल्कि वे इंसान को ईश्वर से जुड़ने और खुद को समझने का मौका देती हैं।

काशी के अनुभव को साझा करते हुए निवेता ने मां गंगा, भगवान शिव और काशी की आध्यात्मिक ऊर्जा को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। निवेथा पेथुराज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर काशी यात्रा का एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, जब भी मैं मणिकर्णिका घाट पर बैठकर मां गंगा को बहते हुए देखती हैं, तो मैं वहां से जवाबों के बजाय और ज्यादा सवाल लेकर लौटती हूं। मां गंगा ने सदियों का इतिहास देखा है, लेकिन इसके बावजूद वह लगातार बहती रहती हैं। वह न किसी चीज से जुड़कर रुकती हैं और न ही किसी परिस्थिति का विरोध करती हैं। अभिनेत्री ने खुद से सवाल करते हुए आगे लिखा - क्या मां गंगा हमें भी यही सीख देने की कोशिश कर रही हैं। अपनी पोस्ट में निवेता ने काशी से जुड़े अपने धार्मिक अनुभवों को भी याद किया। उन्होंने कहा, मैं खुद को बेहद सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे काशी विश्वनाथ मंदिर में गंगाजल अर्पित करने का अवसर मिला। मैंने महाशिवरात्रि के मौके पर रुद्री पाठ पूजा में हिस्सा लिया और पवित्र निशिता काल पूजा के दौरान काल भैरव के दर्शन करने का भी अनुभव प्राप्त किया।

अभिनेत्री ने अपनी भावनाएं साझा करते हुए लिखा, कई बार मुझे ऐसा महसूस होता है कि भगवान भैरव खुद मुझे दोबारा काशी बुलाते हैं। जैसे कोई न कोई माध्यम बनकर रास्ते खोल देता है और मुझे फिर से मंदिर तक पहुंचा देता है। आखिर काशी मुझे बार-बार अपनी ओर क्यों आकर्षित करती है। निवेता ने अपनी पोस्ट के आखिर में लिखा, शायद कुछ जगह सिर्फ यात्रा की मंजिल नहीं होते। वे ईश्वर के साथ होने वाली ऐसी बातचीत होते हैं, जो वहां से वापस आने के बाद भी लंबे समय तक इंसान के मन में चलती रहती है। अभिनेत्री के इस आध्यात्मिक अनुभव को उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर उनकी पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# विद्या बालन की चर्चित फ्रैंचाइजी पर यामी गौतम ने मारा झपट्टा!

यामी गौतम के सितारे बुलंदी पर हैं। हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में शानदार अदाकारी के लिए यामी गौतम के नाम का एलान नेशनल फिल्म अवॉर्ड के लिए हुआ। उन्होंने 2024 में आई इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। इस बीच अभिनेत्री के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। यामी गौतम फिल्म 'कहानी 3' में नजर आएंगी।

### कब आई थी पहली फिल्म?

सुजॉय घोष की चर्चित फ्रैंजाइजी की दो फिल्में आ चुकी हैं। पहली फिल्म 'कहानी' साल 2012 में रिलीज हुई थी। वहीं, दूसरा पार्ट 2016 में रिलीज हुआ। दोनों फिल्मों के निर्देशन का जिम्मा सुजॉय घोष ने निभाया। वहीं, लीड रोल में विद्या बालन नजर आई थीं। अब सुजॉय इसकी तीसरी किस्त लेकर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कहानी 3' में यामी गौतम की एंट्री हो गई है।

### शूटिंग के लिए शुरू हुई तैयारी

खबरों के मुताबिक अभिनेत्री यामी गौतम 'कहानी 3' में मुख्य भूमिका निभाएंगी। वहीं, सुजॉय घोष एक बार फिर डायरेक्टर के तौर पर वापसी करेंगे। यह फिल्म इस फ्रैंचाइजी की दुनिया में एक नई कहानी दिखाएगी। कहा जा रहा है कि टीम इसकी शूटिंग के शेड्यूल की तैयारी कर रही है। फिलहाल प्रोजेक्ट अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। टीम फिल्म के दूसरे पहलुओं पर काम कर रही है। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, पहली दो फिल्मों में विद्या बालन लीड रोल में थीं, लेकिन 'कहानी 3' इस फ्रैंचाइजी को एक नई दिशा में ले जाएगी।

### एकदम नई होगी फिल्म की कहानी

कहा जा रहा है कि यह फिल्म पिछली फिल्मों की कहानी को आगे नहीं बढ़ाएगी, बल्कि 'कहानी' की दुनिया पर आधारित एक नई कहानी होगी। मेकर्स अभी शूटिंग की टाइमलाइन पर काम कर रहे हैं और उम्मीद है कि जल्द ही शेड्यूल तय कर लेंगे। यामी को आखिरी बार उनके पति निर्देशक आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर- द रिवेंज' (2026) में एक कैमियो रोल में देखा गया था।



# 'द केरल स्टोरी' की सफलता के बाद बदली अदा शर्मा की किस्मत, बोलीं- 'अब मिल रहे हैं अच्छे किरदार'

अभिनेत्री अदा शर्मा की फिल्म 'द केरल स्टोरी' ने रिलीज के बाद दर्शकों के दिलों में गहरी छाप छोड़ने के साथ-साथ अभिनेत्री के नए रास्ते खोल दिए। अदा शर्मा का मानना है कि इस फिल्म से मिली सफलता ने उन्हें इंडस्ट्री में खुद को बेहतरीन कलाकार के रूप स्थापित करने का अवसर दिया है, जिससे उनके लिए अब नए रास्ते खुल गए हैं।

अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ हुई खास बातचीत के दौरान बताया कि इस फिल्म के बाद उन्हें कई अलग-अलग और कठिन भूमिकाएं निभाने के मौके मिले। अदा ने कहा, "मेरे साथ ऐसा हुआ कि जब आपकी फिल्म हिट होती है, तो ज्यादा लोग आप पर भरोसा करने लगते हैं और आपको बड़े काम देने के लिए तैयार होते हैं। अब मुझे ऐसे किरदार निभाने को मिल रहे हैं, जिसका सपना हर अभिनेता देखता है।"

बता दें कि अभिनेत्री अदा शर्मा ने सुपरहिट फिल्म 'द केरल स्टोरी' में शालिनी नाम की एक पूर्व नर्सिंग छात्रा की भूमिका अदा करके दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई थी। इसे सुदीप्तो सेन ने निर्देशित और विपुल अमृतलाल शाह ने निर्मित किया था। यह फिल्म जबरन धर्मांतरण और महिलाओं के आईएसआईएस में शामिल होने के दावों पर आधारित थी।



अभिनेत्री अदा शर्मा को बड़ी पहचान उनकी सुपरहिट फिल्म "द केरला स्टोरी" से मिली। फिल्म में उसके जीवन के सफर को दिखाया गया है कि कैसे एक मासूम लड़की आतंकवाद की शिकार बन जाती है।

फिल्म की शुरूआत शालिनी उन्नीकृष्णन (अदा शर्मा) नाम की एक लड़की से होती है, जो अफगानिस्तान-ईरान सीमा पर पकड़ी जाती है। पूछताछ के दौरान वह बताती है कि कैसे केरल में नर्सिंग की पढ़ाई के दौरान उसका ब्रेनवॉश किया गया। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत बड़ी कमर्शियल सक्सेस रही थी।

हालांकि, फिल्म को रिलीज से पहले काफी विवादों का सामना करना पड़ा था। कई लोगों ने इसे प्रोपेगेंडा बताया, जबकि समर्थकों ने इसे एक कड़वा सच करार दिया। तीखे विवाद और विरोध के बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल रही थी, जिसके बाद साल 2026 में केरल स्टोरी 2 भी रिलीज की गई थी।